# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 16 ■ अंक - 08 ■ अम्बिकापुर, गुरूवार 26 दिसम्बर 2024 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com


# निकाय चुनाव के लिए लिमिट तय, मेयर 25 और नपा अध्यक्ष 10 लाख कर सकेंगे खर्च

**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**रायपुर।** नगरीय निकाय चुनाव को लेकर मेयर और अध्यक्षों की खर्च सीमा तय कर दी गई है। 5 लाख या उससे अधिक आबादी वाले नगर निगमों में मेयर प्रत्याशी चुनाव पर 25 लाख तक खर्च कर सकेंगे। 3 लाख से 5 लाख की आबादी वाले नगर निगम 20 लाख रुपए तक और 3 लाख से अधिक आबादी वाले निगम 10 लाख रुपए तक खर्च कर सकेंगे। वहीं, 50 लाख से अधिक आबादी वाले नगर पालिका अध्यक्ष अधिकतम 10 लाख रुपए और 50 हजार से कम आबादी वाले नगर पालिका अध्यक्ष अधिकतम 8 लाख रुपए खर्च कर सकेंगे। इसके अलावा नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए खर्च की सीमा 6 लाख रुपए है। अधिसूचना छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित कर दी गई है।




### *ओबीसी आरक्षण भी राजपत्र में शामिल किया गया*

प्रदेश के निकायों में ओबीसी को 50 फीसदी आरक्षण देने का फैसला कैबिनेट की बैठक में सरकार ने लिया था। इसे भी राज्यपाल की सहमति से राजपत्र में शामिल कर दिया गया है। इससे पहले ओबीसी को 25 प्रतिशत तक प्राथमिकता दी जाती रही है। शर्त ये भी रखी गई है कि जिन इलाकों में एसटी-एससी का आरक्षण पहले से 50 प्रतिशत या इससे ज्यादा है। वहां ओबीसी का 50 फीसदी आरक्षण नहीं रहेगा।

### इस बार मेयर चुनाव होगा डायरेक्ट

नगरीय निकाय चुनावों में अब मेयर और अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से होगा। यानी पार्षद के साथ ही मेयर और अध्यक्ष के लिए भी जनता ही वोट करेगी। साय कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया था। 2018 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने के बाद नियम बदला गया था। इसमें मेयर चुनने का हक पार्षदों को दिया गया था। हालांकि भूपेश कार्यकाल से पहले भी जनता ही पार्षदों के साथ मेयर को चुनती थी।

# ऑटो से बस स्टैंड जा रहे 6 नाबालिकों व एक व्यक्ति को पुलिस अपने कब्जे में ली

## नाबालिगों का सीडब्ल्यूसी ने लिया बयान, संदेही से भी चल रही पूछताछ

**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर।** उदयपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात को एक ऑटो में बैठकर अपने गांव से उदयपुर बस स्टैंड की ओर जा रहे 6 नाबालिगों को पुलिस ने रास्ते में ही ऑटो को रूकवाकर अपने कब्जे में लिया, इनमें विशेष पिछड़ी जनजाति की चार बालिकाएं भी शामिल हैं। नाबालिगों के साथ एक व्यक्ति भी था, जो इन्हें संभवत: काम का प्रलोभन देकर ले जा रहा था। मानव तस्करी की शंका पर पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।



जानकारी के मुताबिक मंगलवार की रात को उदयपुर पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के ग्राम सानीबर्रा से ऑटो में 6 नाबालिग पंडो जनजाति के बच्चों को कहीं ले जाया जा रहा है। इनके उदयपुर बस स्टैंड की ओर जाने की जानकारी मुखबिर से मिलने पर उदयपुर थाना प्रभारी कुमारी चन्द्राकर के नेतृत्व में टीम सक्रिय हुई और मानव तस्करी की आशंका पर वाहनों की जांच शुरू की। इस दौरान नाबालिगों को लेकर जा रहे ऑटो को पुलिस रूकवाई, जिसमें नाबालिक लड़कियां और दो लड़के सवार थे। पूछताछ में पता चला कि इन्हें यहां से बाहर ले जाने की तैयारी में ऑटो सवार एक व्यक्ति था। इसकी जानकारी पुलिस अधिकारियों को देने के साथ ही सीडब्ल्यूसी को भी दी गई। नाबालिकों के स्वजनों को थाने में तलब किया गया। स्वजन से पूछताछ के बाद सीडब्ल्यूसी ने बच्चों का बयान दर्ज किया है। बता दें कि एक समय सरगुजा संभाग में मानव तस्करी एक बड़ी समस्या का रूप ले चुकी थी, बाद में पुलिस की सख्ती व कुछ समाज सेवी संगठन व प्रशासन के प्रयासों से सरगुजा संभाग में मानव तस्करी का कारोबार ठंडा पड़ गया था। एक बार फिर मानव तस्करों ने यहां अपना जाल बिछाना प्रारंभ कर दिया है, जिसपर सख्त कार्रवाई की आवश्यकता प्रतीत हो रही है।

### पांच वर्षों में गायब 479 लोगों को तलाश रही पुलिस

सरगुजा जिले में पिछले पांच सालों में काफी संख्या में महिला-पुरूष व बच्चे गायब हुए, इनमें से ज्यादातर को पुलिस बरामद कर ली है, लेकिन 477 लोगों का अभी भी अता-पता नहीं है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में 85 नाबालिग बालक और 500 नाबालिग बालिकाएं अपने घर से गायब हुई थी। सभी मामले में पुलिस ने अपहरण का अपराध दर्ज किया है। जांच के दौरान 80 नाबलिक बालकों व 486 नाबालिक बालिकाओं को पुलिस ने बरामद भी किया है परन्तु 5 बालक और 14 बालिकाओं का पता नहीं चल पाया है। इसी प्रकार पांच सालों में 588 व्यस्क पुरूष तथा 1433 महिलाएं भी गायब हुई, जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज किया है। विवेचना और तलाशी के दौरान 461 पुरूष तथा 1102 महिलाओं को बरामद करने में पुलिस सफल हुई, लेकिन 127 पुरूष और 333 महिलाओं का सुराग नहीं मिल पाया है। इस प्रकार नाबालिग व व्यस्कों को मिलाकर कुल 477 लोग अभी भी गायब हैं।

*// उदयपुर में जिन नाबालिगों को एक व्यक्ति के द्वारा ऑटो में लेकर जाने की जानकारी मिली है, उन बच्चों व उनके साथ जा रहे व्यक्ति से पूछताछ के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। बयान में सामने आए कुछ तथ्यों की जांच पुलिस टीम कर रही है। सीडब्ल्यूसी ने भी बच्चों का बयान दर्ज किया है। पूरी जांच के बाद ही वास्तविक जानकारी सामने आ पाएगी।*

***-अमोलक सिंह ढिल्लो***
***एएसपी सरगुजा***

# जशपुर में प्रयास आवासीय विद्यालय और बगीचा में खुलेगा पॉलीटेक्निक कॉलेज

■ **मुख्यमंत्री ने जशपुर जिले के सलियाटोली में 726.27 करोड़ के विकास कार्यों का किया लोकार्पण और भूमिपूजन**



**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर जशपुर जिले के विकास के लिए कई बड़ी सौगाते दीं। मुख्यमंत्री ने कुनकुरी अंचल के ग्राम सलियाटोली में आयोजित कार्यक्रम में 726 करोड़ 27 लाख रूपए की लागत के 172 विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया जिनमें 65 करोड़ 94 लाख रूपए की लागत के 50 कार्यों का लोकार्पण और 660 करोड़ 33 लाख की लागत के 122 कार्यों का भूमिपूजन शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने अनेक हितग्राहियों को हितग्राहीमूलक सामग्री एवं उपकरण प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने 660.33 करोड़ की लागत के जिन 122 कार्यों का भूमिपूजन किया, उनमें जशपुर विधानसभा के 58.83 करोड़ की लागत के 21 कार्य, कुनकुरी विधानसभा में 498.01 करोड़ की लागत के 58 कार्य, पत्थलगांव विधानसभा में 103.48 करोड़ की लागत के 43 कार्य शामिल हैं। भूमिपूजन होने वाले कार्यों में मुख्य रूप से जशपुर में प्रयास आवासीय विद्यालय, बगीचा में नवीन पॉलिटेक्निक कॉलेज, कुनकुरी में रिक्रिएशन पार्क, जिला कार्यालय जशपुर के द्वितीय तल, 15 धान उपार्जन केन्द्रों में अधोसंरचना-गोदाम, सलिहाटोली में इंडोर जिम, बगीचा में बैडमिंटन कोर्ट, कुनकुरी में अमृत मिशन 2.0 के विभिन्न कार्य शामिल है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री श्री साय ने 65.94 करोड़ की लागत के जिन नवनिर्मित 50 कार्यों का लोकार्पण किया, उनमें जशपुर विधानसभा में लगभग 27.76 करोड़ लागत के 26 कार्य, कुनकुरी विधानसभा में 5.65 करोड़ लागत के 12 कार्य और पत्थलगांव विधानसभा में 32.51 करोड़ लागत के 12 कार्य शामिल है। लोकार्पित होने वाले कार्यों में मुख्य रूप से पोंगरों एनीकट हाइड्रो पावर आधारित पम्पिंग योजना, 4 प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास भवन, 6 स्टाप डेम, सेन्द्रीमुण्डा में नवीन आदिवासी कन्या आश्रम, नारायणपुर में हाई स्कूल भवन शामिल है। इस अवसर पर विधायक गोमती साय और रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष शांति भगत, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय, कृष्ण कुमार राय, नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, रामप्रताप सिंह, यश प्रताप सिंह जूदेव, सुनील गुप्ता, रोहित साय सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# कार सवारों ने अलसुबह व्यवसायी के घर में पेट्रोल बम फेंका, अपराध दर्ज

**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर।** गांधीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम चठिरमा निवासी व्यवसायी के घर में कार सवार लोगों ने ज्वलनशील पदार्थ फेंक दिया, जिस कारण धमाके के साथ आग लग गई। आग लगने से कांच के ग्रील का शीशा टूट गया। तेज आवाज सुनकर व्यवसायी जब बाहर निकले तो घर के अंदर तक बढ़ती आग को देखकर उनके होश उड़ गए। घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई गई है, जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।



चठिरमा निवासी संजीत कुमार व्यापारी पिता सुनिल रंजन व्यापारी ने पुलिस को बताया है कि 22 दिसम्बर की रात को वे अपने परिवार सहित घर पर सो रहे थे। 23 दिसम्बर को अलसुबह 04.14 बजे उन्होंने घर के सामने लगे कांच के ग्रिल पर पटाखा फूटने जैसा तेज आवाज सुनकर जब वे अपने कमरे से बाहर निकले तो घर के सामने लगे कांच के ग्रिल का शीशा टूटा हुआ था। अन्दर सोफा के कवर में आग लगा था, तेज पेट्रोल की गंध आ रही थी। एक छोटा कांच का बोतल भी मौके पर पड़ा हुआ था। आग को बुझाने के बाद वे बाहर निकले तो कुछ नहीं दिखा। अपने घर में लगे सीसीटीव्ही का फुटेज जब उन्होंने चेक किया तो सामने आया कि घर के सामने सड़क पर सफेद रंग की स्विफ्ट कार में आए 02 व्यक्ति कार से बाहर निकले और किसी चीज में आग लगाकर उसके घर के तरफ फेके थे। इसके बाद तेज धमाके जैसा आवाज सुनने को मिला। इसके बाद कार सवार अंबिकापुर की ओर रवाना हो गए, जिन्हें वह पहचान नहीं पाया। व्यवसायी ने परिवार व घर को क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से ज्वलनशील पदार्थ घर में फेंकने की संभावना व्यक्त करते हुए घटना की जानकारी थाना गांधीनगर पुलिस को दी है। रिपोर्ट पर पुलिस केस दर्ज करके मामले की जांच कर रही है।

### व्यवसायी ने एक और मामला दर्ज कराया

संजीत कुमार व्यापारी ने 24 दिसम्बर को 9.30 बजे आयमान सिद्दीकी नवागढ़ निवासी के द्वारा 15 वर्षीय पुत्री एवं पत्नी के साथ मारपीट, गाली-गलौज करके जान से मारने की धमकी देने का एक और रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराया है। व्यवसायी ने पुलिस को बताया है कि 23 दिसम्बर को उनके घर में पेट्रोल बम फेंका गया था, तत्संबंध में वह थाना गांधीनगर में प्राथमिकी दर्ज कराया है। 24 दिसम्बर को सुबह 9.30 बजे उक्त व्यक्ति के द्वारा पुन: पूरे परिवार को जान से मार देने की धमकी देते हुए गालीगलौज की घटना को अंजाम दिया गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध केस दर्ज करके जांच में लिया है।

### ग्रामीण पर बैल हमला किया, इलाज दौरान हो गई मौत

**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर।** मवेशी चराते समय ग्रामीण पर बैल हमला कर दिया, जिसमें उसे सीने में चोट आई थी। तबियत बिगड़ने पर स्वजन छह दिन बाद उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक कोतवाली थाना क्षेत्र के देवगढ़ हुड़हुड़पारा निवासी हीरालाल पिता भंडारी 42 वर्ष, 18 दिसम्बर को दिन में 10.30 बजे मवेशी चराने के लिए देवगढ़ ग्राम में नदी के किनारे गया था। इसी दौरान अचानक बैल उस पर हमला कर दिया, जिसमें उसे सीने में चोट आई थी। 24 दिसम्बर को तबियत बिगड़ने पर स्वजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे, यहां इलाज के दौरान देर शाम वह दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया है।

## पत्नी ने टांगी से वार करके पति को सुलाया मौत की नींद

### तीन वर्ष पूर्व हुआ था विवाह, संतान नहीं होने पर पति देता था दूसरा विवाह करने का ताना





**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के कमलेश्वरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नर्मदापुर खालपारा, मैनपाट में बच्चा नहीं होने के कारण पति को दूसरी शादी करने के लिए पत्नी को ताना देना महंगा पड़ा। पति-पत्नी के बीच आए दिन हो रहे विवाद की परिणति कुछ ऐसी रही कि 25 दिसम्बर की रात पत्नी ने टांगी से ताबड़तोड़ वार करके अपने पति की नृशंस हत्या कर दी और मौके से फरार हो गई। पुलिस आरोपी पत्नी के तलाश में लगी है। स्वजनों ने प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस को बताया कि, करीब 3 साल पहले बलिराम मांझी (28) और नईहारो (26) की शादी हुई थी। दोनों के बच्चे नहीं हो रहे थे। इसे लेकर दोनों के बीच विवाद की स्थिति आए दिन बनते आ रही थी। पति-पत्नी परिवार से अलग घर में रहते थे। बलिराम जेसीबी चलाता था और वो पत्नी से अकसर कहता था कि, वह दूसरा विवाह करेगा। मंगलवार की रात को बलिराम मांझी और उसकी पत्नी नईहारो बाई के बीच नशे के हालत में संभवत: इसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि, नईहारो बाई ने घर में रखे कुल्हाड़ी से पति बलिराम के कनपटी, चेहरे और सिर पर 3-4 बार हमला कर दिया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटनास्थल पर खून काफी मात्रा में बहा था। बुधवार की सुबह गांव में ही रहने वाला रिश्तेदार बिहानू मांझी इनके घर पहुंचा, तो उसने खून से लथपथ बलिराम का शव देखा। इसकी सूचना आसपास के लोगों और कमलेश्वरपुर पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव का मौके पर पंचनामा करने के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए रवाना की।

*// पति की हत्या करने के बाद पत्नी नईहारो बाई भाग हो गई है, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। मृतक के शव के पास ही टांगी रखा था, जिसे कमलेश्वरपुर थाना पुलिस ने बरामद कर लिया है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।*

***-अमोलक सिंह ढिल्लो***
*एएसपी सरगुजा*

## कलेक्टर ने तातापानी महोत्सव के सफल आयोजन हेतु अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** तातापानी महोत्सव मकर संक्रांति पर्व 2025 के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रेना जमील को नोडल अधिकारी तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलरामपुर श्री अमित श्रीवास्तव को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है, साथ ही उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अधिकारियों को कार्य एवं दायित्व सौंपा है।

कलेक्टर श्री कटारा ने पुलिस अधीक्षक श्री बैंकर वैभव रमनलाल को सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था, यातायात एवं पार्किंग व मेला स्थल पर कन्ट्रोल रूम की स्थापना, वनमण्डलाधिकारी श्री अशोक तिवारी को बैरिकेडिंग, अन्य आवश्यकताओं हेतु जिम्मेदारी दी है।

इसी प्रकार संबंधित एवं विभागीय अधिकारियों को विभिन्न कार्यों का दायित्व सौंपा गया है। जिसमें सम्पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम की व्यवस्था, विभागीय स्टॉलों का आबंटन, बैठक व्यवस्था, आमंत्रण पत्र मुद्रण एवं वितरण, मेला स्थल समतलीकरण, सुधार कार्य, बैरिकेडिंग, मंच निर्माण, टेंट-पंडाल, साउण्ड सिस्टम की व्यवस्था एवं शासकीय स्टॉल का निर्माण, दुकानों हेतु स्थल चिन्हांकन, आबंटन, शुल्क निर्धारण व पार्किंग की नीलामी व्यवस्था, तातापानी मेला स्थल पर निर्बाध विद्युत एवं फ्लड लाइट की व्यवस्था, मंच संचालन एवं अतिथियों की बैठक व्यवस्था, नेटवर्किंग व्यवस्था, मेला दिवसों में फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी, तातापानी महोत्सव के प्रचार-प्रसार जैसे अन्य कार्यों का दायित्व सौंपा गया है।

# अटल जी के सुशासन और विकास के पथ पर अग्रसर है प्रदेश : उद्धेश्वरी पैकरा

★ चांदो चौक पर 30 लाख की लागत से बनेगा अटल परिसर ★ सभी ग्राम पंचायतों में मनाया गया सुशासन दिवस

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** सुशासन दिवस पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर राष्ट्र सहित पूरे राज्य में सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। सुशासन दिवस के अवसर पर बलरामपुर मुख्यालय के चांदो मोड़ स्थित हनुमान मंदिर परिसर में सुशासन दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें सादर नमन किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने वर्चुअल माध्यम से सभी को सुशासन दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज भारत के प्रेरणास्रोत पूर्व प्रधानमंत्री का जन्म दिवस पूरी दुनिया में मनाया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने अटल परिसर का वर्चुअल रूप से भूमिपूजन भी किया।

इस अवसर पर गणमान्य नागरिक श्री ओमप्रकाश जायसवाल, उपाध्यक्ष श्री भानुप्रकाश दीक्षित, अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा, जनपद सीईओ श्री रणवीर साय, सीएमओ श्री प्रणव रॉय, गणमान्य नागरिक, अधिकारी/कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुशासन दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री वाजपेयी का सपना रहा है कि हमारा भारत विकसित हो, शासन की योजनाएं जमीनी स्तर तक होते हुए जन-जन तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की




100वीं जयंती मनाई जा रही है। स्व. अटल जी ने तीन बार प्रधानमंत्री के दायित्वों का निर्वहन करते हुए भारत को विश्व पटल पर स्थापित में अविस्मरणीय योगदान दिया है। श्रीमती पैंकरा ने कहा कि अटल जी ने हमेशा सभी को एकजुट होकर देश को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। छत्तीसगढ़ को अलग राज्य बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बनने के बाद विकास कार्यों में तेजी आई है। आज अटल जी के सुशासन के विचारों को साकार करते हुए अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजनाएं पहुंचाई जा रही हैं। श्रीमती पैकरा ने कहा कि पीएम जनमन योजना के तहत पिछड़ी जनजातियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के तहत मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन में विकास का काम हो रहा है। इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी बधाई देते हुए कार्यक्रम को संबोधित किया।

कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा ने भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि विकास केवल सड़कों, पुलों या इमारतों के निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें प्रत्येक व्यक्ति का सर्वांगीण विकास भी शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि सुशासन का अर्थ है एक ऐसी पारदर्शी, उत्तरदायी और प्रभावी शासन व्यवस्था, जो सभी नागरिकों को समान अवसर प्रदान करे और उन्हें अपने अधिकारों का पूर्ण उपयोग करने में सक्षम बनाए। सुशासन का उद्देश्य है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं और सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित हो। कलेक्टर ने कहा कि हमारा जिला प्राकृतिक विविधता और कृषि अनुकूल जलवायु से समृद्ध है। कई किसान आधुनिक तकनीकों और नवाचारों को अपनाकर उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। जिले के समग्र विकास के लिए जनजागरूकता और जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक हैं। कलेक्टर ने जिले के विकास में सभी नागरिकों से सहयोग की अपील की और कहा कि योजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने में जनता का सहयोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इस दौरान विधायक श्रीमती पैकरा ने चांदो चौक में तीस लाख रुपये की लागत से बनने वाले अटल परिसर का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया। कार्यक्रम में स्वच्छाग्रहियों को सामग्री वितरण एवं सफाई कर्मियों का शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

सुशासन दिवस के अवसर पर बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील के नेतृत्व में जिले के सभी ग्राम पंचायतों में सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में अटल चौक पर स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती पर सुशासन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# कोयलांचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया क्रिसमस पर्व



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** कोयलांचल समेत आसपास क्षेत्र में क्रिसमस के मौके पर ईसाई धर्म के लोगों ने बड़ी संख्या में चर्च में प्रार्थना की। इस दौरान चर्च में एक से दो घंटे की प्रार्थना का आयोजन किया गया। सभी लोगों ने मिलकर ईसा मसीह से सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। बुधवार सुबह से ही चर्च में लोग पहुंचना शुरू हो गए थे। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत सतपता में स्थित चर्च में क्रिसमस पर प्रार्थना कर सुख समृद्धि व शांति की कामना की गई। फादर किशोर एक्का ने बताया कि मनुष्यों को बचाने के लिए प्रभु यीशु मानव बनकर स्वर्ग की महिमा को छोड़कर हमारे बीच में आया, एक उपाय बनकर हमें स्वर्ग राज्य का उत्तराधिकारी बनाने के लिए। प्रभु स्वयं तुम्हे चोट देगा, वह यह है कि एक कुंवारी गर्भवती होगी, पुत्र प्रसव करेगी, उसका नाम इमानुएल रखा जाएगा , जिसका अर्थ है कि प्रभु हमारे साथ है। प्रभु यीशु संसार के राजा महाराजाओं जैसा नहीं है। उनका राज्य मानव के दिल और मन की शांति न्यायिक प्रेम, भाईचारा, ईमानदारी और समानता जैसे मानव मूल्यों का राज्य है। क्रिसमस पर चर्च में निशा पूजा का कार्यक्रम भी संपन्न कराया गया।क्रिसमस पर्व के मौके पर चर्च को भव्य रूप से सजाया गया था। मौके पर मौजूद लोगों ने एक दूसरे को गले लगा कर क्रिसमस पर्व की बधाई दी। क्रिसमस के दिन बच्चे सेंटा क्लॉज की पोशाक पहने नजर आए।

क्रिसमस ट्री, सितारे और बाउबल्स आदि घर में लगाए गए। इस दौरान फादर किशोर केरकेट्टा, फादर विलियम मिंज, अनुपम फिलिप, एंथ्रेस एक्का, कपिल बेक, जोसेफ खलखो, जेम्स कुजूर, स्टेफन कुजूर, जूनस एक्का, प्रदीप केरकेट्टा, दीपक खाखा, विनोद मिंज, मेहरनुस बड़ा, प्रभात तिर्की, महिला संघ की स्वाति लकड़ा, अनीता लकड़ा, निर्मला मिंज, फेला एक्का, युवा विंग से अंजिता, निरुपमा, ऐमी, अभ्युदन एक्का, एनोस बड़ा, एंथोनी व अन्य उपस्थित थे।

# नगर पंचायत शिवनंदनपुर के कार्ययोजना में निर्माण कार्य को जोड़ने दिया ज्ञापन

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य अशोक अग्रवाल शोक्की ने नगर पंचायत शिवनंदनपुर के सीएमओ को ज्ञापन देकर नौ सूत्रीय मांगों को कार्य योजना में जुड़वाने की मांग रखी है। सीएमओ को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है अग्रसेन भवन के पास स्थित तालाब का सौंदर्यीकरण व सीढी निर्माण कराई जाए। श्रीमती अल्फास लकड़ा के घर से बाई पास सड़क तक सीसी रोड व नाली निर्माण कराई जाए, मंठु राम शांडिल्य के घर



से चंदन सिंह के घर तक सीसी रोड़ व नाली निर्माण, डीएवी स्कूल मार्ग के पास कर्मकांड स्थल पर पेवर ब्लाक का काम, मिनी टेंट व पंडाल से सिपाही घर तक सीसी रोड़ व नाली निर्माण कार्य, करिश्मा टेलर दुकान से मंजीत सिंह के घर तक सीसी रोड़ व नाली निर्माण कार्य, तालाबपारा में पार्क एवं चार दिवारी निर्माण कार्य, शांतिनगर में पार्क निर्माण कार्य, बसंत मिस्त्री के घर के पास चबूतरा व शेड निर्माण कार्य कराए जाने हेतु कार्ययोजना में जोड़ने की मांग की गई है।

# भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी का धूमधाम से मना जन्मोत्सव

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की शताब्दी जन्मोत्सव पर विविध स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्राम पंचायत वीरपुर में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मोत्सव पर कैबिनेट मंत्री व भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के आतिथ्य में अटल चौक पर उत्साह पूर्वक सुशासन दिवस मनाया गया।

उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने वाजपेयी जी के कार्यों व जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें वाजपेयी जी के आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है। उन्होंने देश के लिए बहुत कुछ दिया है। पोखरण में परमाणु परीक्षण कर पूरी दुनिया को अपनी ताकत दिखाया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सौंदर्यीकरण के लिए 10 लाख रुपए मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने देने की घोषणा भी की। साथ ही पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड अपने हाथों से वितरित किए।इस अवसर पर मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े, वीरपुर सरपंच चंद्रभान सिंह, राम भरोस, चेतन राम मंडल, कलावती सहित अन्य ग्रामीण



उपस्थित थे। नगर पंचायत बिश्रामपुर के पुष्प वाटिका में अटल जी की शताब्दी जन्मोत्सव पर अटल परिसर का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष आशीष यादव, उपाध्यक्ष किरण पटेल, पूर्व नपं अध्यक्ष राजेश यादव, अनिल मिश्रा, मथुरा गुप्ता, चंदन सिंह, दीपेंद्र सिंह चौहान, राजकिशोर चौधरी, कैलाश सिरदार, संजीत यादव, सुबोध सिंह, श्यामा पांडेय, मोहिनी झा, ज्योति सिंह, गीता घोषाल, दीप्ति स्वाई, रविशंकर बऊआ, जेपी यादव, स्वामी कुमार, सीएमओ सुशील कुमार तिवारी, उप अभियंता तरंग मित्तल व अन्य उपस्थित थे। सीएमओ सुशील तिवारी ने बताया कि अटल परिसर के लिए राज्य शासन द्वारा बीस लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है, जिसमें अटल जी की प्रतिमा के साथ सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। ग्राम पंचायत कुंजनगर के अटल चौक के पास भी शिवनंदनपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े की अध्यक्षता में अटल जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यहां पर विजय राज अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष देवधन राम बिंझिया द्वारा अटल जी की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान भाजपा नेता शीती कांत स्वाई, सोखा राम, हुकुम साय, राधे रमन, भागवत प्रजापति, रतन गर्ग, बीडीसी फूलवसिया राजवाड़े, देवेंद्र सोनवानी, श्यामू साहू, कृष्ण पाल बिंझिया, भरत राजवाड़े, देवशरण सिंह, विनोद कुमार, ब्रह्मदेव बिंझिया, घलून राम, विरेंद्र कुमार, बुलचु राजवाड़े, मनियारो, हंस, अंगद, मनोज, दल साय, शिवलाल, खेदन, रामाधार, बालकिशुन, नोहर, गोपाल, गौरी, सुखमनिया, रीता भगत, किरण व अन्य उपस्थित थे।नगर पंचायत शिवनंदनपुर के सप्ताहिक बाजार में भी अटल जी का जन्मदिवस भाजपाइयों ने धूमधाम से मनाकर उनके योगदान को स्मरण किया। यहां पर वरिष्ठ भाजपा नेता चरण सिंह अग्रवाल, अशोक अग्रवाल शोक्की, श्यामू साहू, दीपेंद्र सिंह चौहान, श्यामू साहू, हरीश राजवाड़े, अनीता सिंह, अमरलाल साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

# रेडियो रिहन्द ग्रामीण समुदायों की अभिरुचियों के तहत करेगी कार्यक्रमों का प्रसारण

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** भारत सरकार सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की योजना के अनुरुप सरगुजा ज्ञानोदय एसोसिएशन द्वारा सामुदायिक रेडियो स्टेशन 91.2 एफएम रेडियो रिहन्द की अनुमति प्रदान की है। जिसका विधिवत उद्घाटन सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चिंतामणि महाराज ने कहा कि सामुदायिक रेडियो स्टेशन व्यक्ति विशेष, समूह और समुदायों की अपनी विविध कहानियों को कहने और अपने अनुभवों को बांटने की प्रक्रिया को सुगम बनाते हैं। सरगुजिहीया क्षेत्रीय भाषा का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा होने से ग्रामीणों को लाभ होगा। रेडियो रिहन्द भी ग्रामीण समुदायों की अभिरुचियों के तहत कार्यक्रमों का प्रसारण करेगी, ऐसी मेरी आशा है। संस्था के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल ने कहा कि सामुदायिक रेडियो स्टेशन की मुख्य भूमिका बेआवाज जनता को आवाज देना है। अपने ख्यालों और सामुदायिक विकास के संबंध में अपने विचार व्यक्त करने के लिए सामुदायिक रेडियो स्टेशन मुख्य आधार है, क्योंकि सभी व्यक्ति की पहुंच मुख्यधारा की मीडिया तक नहीं होती। उन्होने कहा कि संस्था समुदाय की आवाज को



मुखर करने के लिए ही सामुदायिक रेडियो स्टेशन प्रारंभ किया है। 91.2 एफएम पर इसे रोज सुना जा सकता है। विजयराज अग्रवान ने कहा कि क्षेत्रिय भाषा से समुदाय के लिए समुदाय द्वारा सामुदायिक रेडियो स्टेशन से चारों दिशाओं की लगभग 70 किलोमीटर के क्षेत्र में लोगों तक यह आवाज पहुंचेगी।कार्यक्रम के आरंभ में मुख्य अतिथि सरगुजा सांसद चिंतामणि महराज का ज्ञानोदय विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत किया गया। सांसद चिंतामणि महाराज द्वारा सम्पूर्ण परिसर का अवलोकन कर मूक बधिर बच्चों को पढ़ाने के तरीकों की जानकारी ली। मुख्य अतिथि द्वारा उद्घाटन शिला का शिलान्यास कर रेडियो रिहन्द का विधिवत उद्घाटन किया। रेडियो स्टेशन में उनसे वार्तालाप कर इसे रिकार्ड किया गया और रेडियो स्टेशन के माध्यम से उसका प्रसारण भी किया गया। वर्तमान में संतोष गुप्ता एवं शिवानी यादव द्वारा रेडियो स्टेशन को आपरेटिंग किया जा रहा है। इस अवसर पर मूक बधिर बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मूक बधिर बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति से प्रसन्न सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि ये विद्यालय नहीं होता तो इन बच्चों को शिक्षा कैसे मिल पाती और इनमें छुपी प्रतिभाओं को कैसे बाहर लाया जा सकता था।कार्यक्रम के अंत में विजयराज अग्रवाल द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों में राजेश यादव, गोपाल सिंह विद्रोही, हरिनन्दन पासवान, देवधन बिंझिया, कैलाश सिरदार, अनीता सिंह, विनय सिंह, आदित्य सिंह, रतन गर्ग, सतीश तिवारी, संदीप सरकार व अन्य उपस्थित थे। मंच सचांलन विद्यालय के प्राचार्य अनवर हुसैन ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय एवं रेडियो रिहन्द के कर्मचारी संतोष गुप्ता, शिवानी, रीना सोनी, सीमा भगत, अनिता राजवाड़े, संगीता गुप्ता, जीवन ज्योति, ऐश्वर्या, गंगा साहू, आदर्श साहू सक्रिय रहे।

# लाखों रुपए की लागत से लगवाई गई हाई मास्क लाइट बनी शो पीस

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 किनारे ग्राम पंचायत अजबनगर में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास लगाई गई हाई मास्क लाइट महीनों से खराब होने से आमजन को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

लाखों रुपए की लागत से लगवाई गई हाई मास्क लाइट अब महज शो पीस बनकर रह गई है।गौरतलब है कि ग्राम पंचायत अजबनगर में स्थित स्वास्थ्य केन्द्र के पास आमजन को सुविधा दिलाए जाने के उद्देश्य से वर्ष भर पूर्व क्रेड़ा विभाग द्वारा हाई वोल्ट की लाइट लगवाई गई थी। ग्रामीणों ने बताया कि विभाग द्वारा लगवाई गई हाई मास्क लाइट महज महीने भर में ही खराब होकर बंद हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त महीनों से शो पीस बनी हाई मास्क लाइट के सुधार कार्य हेतु कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराए जाने के बाद भी आज तक उक्त गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चौबीस घंटे सेवा देने खुली रहती है लेकिन रात में आमजन को यहां आने जाने में अंधेरे की वजह से काफी परेशानी उठानी पड़ती है। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता से क्षेत्रवासियों में नाराजगी व्याप्त है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से जल्द ही उक्त गंभीर समस्या से निजात दिलवाए जाने की मांग की गई है।



# वीरपुर में स्वीकृत 55 अटल आवास का सामुहिक भूमि पूजन

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी




वाजपेयी जी के शताब्दी जन्मोत्सव के अवसर पर ग्राम पंचायत वीरपुर में पात्र हितग्राहियों के स्वीकृत 55 अटल आवास का विधिवत पूजा अर्चना कर कैबिनेट मंत्री व भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा भूमिपूजन किया गया। इस दौरान मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े, वीरपुर सरपंच चंद्रभान सिंह, संजू सेठ, राम भरोस, कलावती, चन्द्रमनिया सहित सभी हितग्राही उपस्थित थे।

# प्रबंधकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न, कलेक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत प्रबंधकारिणी समिति की बैठक कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित प्रबंधकारिणी समिति की बैठक में कलेक्टर ने डीएमएफ मद से स्वीकृत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने राशि स्वीकृत होने के पश्चात् लंबे समय से अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के समस्त अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिले में प्रगतिरत निर्माण कार्यो को शीघ्रता से पूर्ण करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्माण कार्यो में लापरवाही बरतने वाले एजेंसी पर कार्यवाही करने को कहा। कलेक्टर ने अप्रारंभ कार्यों को निरस्त करने के निर्देश भी दिये। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील, संयुक्त कलेक्टर आर.एन. पाण्डेय, प्रमोद गुप्ता, सर्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सर्व जनपद सीईओ सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर जिले में मनाया गया सुशासन दिवस, अटल चौकों में हुए विविध कार्यक्रम

**देश के विकास में श्री वाजपेयी के योगदान का किया गया स्मरण, सुशासन स्थापित करने लिया गया संकल्प**

छ.ग.फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर - पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसम्बर सुशासन दिवस के अवसर पर जिले के समस्त अटल चौक में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। अटल स्मारकों के समीप श्री वाजपेयी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं आम जनों ने उनके विचारों और जीवन के प्रेरक प्रसंगों का स्मरण किया।

अम्बिकापुर के मेण्ड्राकला एवं चठिरमा में अटल चौक में स्थित अटल स्तंभ के समीप लुंड्रा विधायक श्री प्रबोध मिंज ने पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री नूतन कंवर, सहित स्थानीय जनप्रतिधियों, जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारियों तथा आमजनों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।



विधायक श्री मिंज ने सभी को सुशासन दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश के विकास में उनके योगदान के बारे में बताया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से ने एक साल के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत कर एक वर्ष में किए गए कार्यों के बारे में बताया है। शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। धान का जो दो साल का बोनस बचा था उसको भी दे दिया गया, आज किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है। महतारी वंदन योजना के तहत माताओं-बहनों के खाते में हर माह एक-एक हजार रुपए पहुंच रहा है।यह सब मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में हो रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का संदेश ह्वविष्णु की पातीह्व लोगों को वितरित किया गया।

## प्रदेश में सुशासन स्थापित करने तथा नागरिकों के जीवनस्तर में सुधार लाने की ली गई संकल्प

इस दौरान विधायक श्री मिंज ने सभी को सत्य, निष्ठा से प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदंडों को स्थापित करने और शासन को अधिक पारदर्शी सहभागी, जनकल्याण केन्द्रित तथा जवाबदेह बनाने के लिये हर संभव प्रयास करने तथा प्रदेश के नागरिकों के जीवनस्तर में सुधार लाने के लक्ष्य को पाने के लिये सदैव तत्पर रहने हेतु सभी को संकल्प दिलाया।

# अटल जी की वजह से हम लिख रहे अपने पते में छ्त्तीसगढ़ का नामः बृजमोहन

छ.ग.फ्रंटलाइन

रायपुर। पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी की 100 जयंती के अवसर पर रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने एक्सप्रेस-वे में अटल परिसर का भूमिपूजन किया। साथ ही अटल जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर सांसद श्री अग्रवाल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी के 100 वीं जयंती पर देश में सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। अटल जी ने हमारे प्रदेश का निर्माण किया और उनकी वजह से आज हम अपने पते पर छत्तीसगढ़ का नाम लिख पा रहे हैं। सासंद श्री अग्रवाल ने कहा कि अटल जी का देश के विकास में महती भूमिका रही है। वे छत्तीसगढ़ को भी जानते थे कि यहां पर प्राकृतिक सांसधनों से भरपूर है और राज्य बनने के बाद विकास की गति तेज होगी। उनके सपनों को पूरा करने का कार्य अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार कर रही है। श्री अग्रवाल ने कहा कि नवा रायपुर का नाम अटल जी के नाम पर किया गया है। अब एक्सप्रेस-वे के रास्ते में अटल परिसर बनाया जाएगा। जिसका भूमिपूजन किया गया है। यहां अटल जी की विशाल प्रतिमा स्थापित की जाएगी, जिससे आने वाली पीढ़ियां भी प्रेरणा ले सकेगी।

# सरकार गरीबों का पक्का मकान बनाने के सपने को साकार कर रही

## सुशासन दिवस पर विकासखण्ड स्तरीय प्रधानमंत्री आवासों का भूमिपूजन

छ.ग.फ्रंटलाइन

भैयाथान। पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। बुधवार को विकासखण्ड स्तर पर प्रधानमंत्री आवासों के भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत खोपा में मु य अतिथि भटगांव विधायक व महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के प्रतिनिधि ठाकुर प्रसाद राजवाड़े की उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर प्रसाद राजवाड़े ने कहा कि भाजपा की सरकार गरीबों का पक्का मकान बनाने के सपने को साकार कर रही है। पहली कैबिनेट की बैठक में ही मु यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश में 18 लाख आवास की स्वीकृति पर मुहर लगाई है। इस योजना के तहत विकासखण्ड भैयाथान में 4720 हितग्राहियों को आवासों की स्वीकृति मिली है। 732 आवासों का आज नींव खुदाई व भूमिपूजन कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष सुलोचनी पैकरा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुभाष राजवाड़े, संतलाल प्रजापति, मंडल अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन उजागिर लाल ने किया। इस दौरान अभय सिंह, सरपंच सुखलाल, बिहारी विश्वकर्मा, जनपद सीईओ उपेंद्र तिवारी, एसडीओ आरईएस अमित ताम्रकर, विकासखण्ड समन्वय अमित खैरवार, तकनीकी सहायक नवीन जायसवाल, योगेश कुशवाहा, सचिव उदय प्रताप सिंह, आवास मित्र अजय कुशवाहा सहित काफी सं या में आवास हितग्राही व ग्रामीण उपस्थित थे।

### बूथों के अटल चौक पर भी आयोजन

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जयंती पर भैयाथान क्षेत्र के सभी बूथों पर अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व कृतित्व पर चर्चा की गई। इस दौरान राजीव प्रताप सिंह, शैलेन्द्र गुप्ता, अजय अग्रवाल, अनिल सिंह, सचिव आनन्द सिंह सहित अन्य उपस्थित थे। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील साहू ने करौंदामुड़ा, बड़सरा बूथ के अटल चौक पर पहुंच कर कहा कि भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी ने विचारधारा के प्रति समर्पण और मूल्य आधारित राजनीति से देश में विकास और सुशासन के नए युग की शुरूआत की। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को कार्य संस्कृति बनाने वाले अटल बिहारी वाजपेई ने देश की सुरक्षा और जनकल्याण को सदैव सर्वोपरि रखा। इस दौरान रामू गोस्वामी, रमाशंकर यादव, परमेश्वर यादव, जगनारायण सिंह, रोहित पांडेय सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कान्तीपुर में अटल बिहारी वाजपेई जी का मूर्ति अनावरण कर मनाया गया जयंती...

छ.ग.फ्रंटलाइन

बिहारपुर - सूरजपुर जिले के संगठन दिशानिदेर्शा अनुसार भाजपा मण्डल बिहारपुर के ग्राम पंचायत कांतीपुर बूथ में उपसरपंच एवं भाजपा वरिष्ठ नेता रामप्रताप विश्वकर्मा के नेतृत्व में व उनके विशेष प्रयास से तथा सरपंच पंच और ग्रामीणों के सहयोग से भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी जी का अटल चौक पर उनका मूर्ति स्थापित कर अनावरण कर जयंती मनाया गया जोकि चांदनी क्षेत्र में एकलौता पंचायत है जहां पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी जी का मूर्ति बना है जिसका वरिष्ठ नेताओं द्वारा भी भुरी भुरी प्रशंसा किया जा रहा है और साथ ही पूरे मण्डल में रामप्रताप विश्वकर्मा के कार्य का चर्चा हो रहा है इस कार्यक्रम के दौरान जिला मंत्री शिवप्रसाद सिंह, मण्डल अध्यक्ष जग प्रसाद सिंह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामेश्वर बैस, भाजयुमो जिला सह प्रभारी मुकेश कुमार साकेत, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मण्डल अध्यक्ष कालिचरण काशी, मण्डल मंत्री विजय गुर्जर, भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष पुनित पाठक, लालमन सिंह, विश्वकांती तिवारी, पंचायत सचिव सरूपा जायसवाल, रोजगार सहायक सचिव राजकुमार पाठक, स्थानीय बूथ अध्यक्ष देवधारी सिंह एवं भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।




# भैयाथान बूथ के अटल चौक पर गरीबों को कंबल वितरण

छ.ग.फ्रंटलाइन

भैयाथान। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजू प्रताप सिंह ने अटल जयंती व सुशासन दिवस पर भैयाथान बूथ के अटल चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इंदिरा कॉलोनी के गरीब, असहाय लोगों के बीच पहुंच कंबल वितरण भी किया। अटल बिहारी वाजपेई के जयंती को सुशासन दिवस व सेवा के रूप में मनाते हुए गरीब असहाय लोगों को कंबल वितरण कर, ठंड से बचने की अपील की। भाजपा की वरिष्ठ नेता राजू प्रताप सिंह का यह सेवा कार्यक्रम आगामी सात दिवस तक ग्राम पंचायत दरीर्पारा के आश्रित ग्राम झमनपारा व ग्राम पंचायत जामडी घोसा सहित अन्य पंचायत पर चलेगा।

# भाजपा कार्यालय में मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती

## कार्यकताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके योगदान को याद किया

छ.ग.फ्रंटलाइन

रामानुजनगर। भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक भारत के 10 वें प्रधानमंत्री भारतरत्न पं अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म सदी यहां रामानुजनगर भाजपा कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया। सुशासन दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष पवन सिंह के नेतृत्व में अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर अटल जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष पवन सिंह ने कहा कि दूरदृष्टा अटल बिहारी वाजपेयी ने अपना पुरा जीवन जनकल्याण के लिए समर्पित कर दिया।25 दिसंबर 1924 को जन्मे अटल बिहारी तीन बार प्रधानमंत्री बने और 16 अगस्त 2018 को उनका देहावसान हो गया। भारतीय जनसंघ की स्थापना के बाद वे लंबे समय तक उसके अध्यक्ष रहे। बाद में भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य और अध्यक्ष भी रहे। अटल बिहारी वाजपेयी भाजपा के नेता थे लेकिन उनके उदार व्यक्तित्व के कारण विरोधी दलों के नेता भी उनके प्रति श्रद्धा रखते थे। भारतीय जनता पार्टी की नींव रखने के बाद मात्र दो सांसदों से भाजपा की यात्रा शुरू करने वाले अटल बिहारी ने भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में प्रतिस्थापित करने में अहम योगदान दिया।अटल बिहारी वाजपेयी का छत्तीसगढ़ से गहरा नाता रहा उन्होंने ही अलग छत्तीसगढ़ राज्य बनाया और छत्तीसगढ़ की पहचान अटल बिहारी वाजपेयी के कारण संभव हो सका। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने ग्रामीण विकास को अहमियत देते हुए गांवों में अधोसंरचना विकास के लिए अभूतपूर्व कार्य किए। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, सर्व शिक्षा अभियान की शुरूआत कर आवागमन व शिक्षा व्यवस्था में क्रांतिकारी परिवर्तन लाया ही उन्होंने पोखरन में दो दो बार परमाणु परीक्षण कर भारत को परमाणु महाशक्ति बनाकर दुनिया में भारत को सशक्त देशों की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया। भाजपा सरकार ने अटल जी के जन्म जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है, सुशासन दिवस पर आज पंचायत स्तर पर अटल चौक पर कार्यक्रम आयोजित कर सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व मंडल सत्यनारायण दुबे अध्यक्ष बनारसी राजवाड़े शैलेश्वर सिंह शशि नाथ तिवारी शिवदयाल सिंह अरूण रामनिवास साहू गुप्ता महिला मोर्चा की जिला महामंत्री बीना गुप्ता राजलाल राजवाड़े सौभाग्य दुबे अजय प्रताप सिंह सुरेश मरकाम आशुतोष दुबे आशिष जायसवाल सुंदर लाल सिंह नंदू यादव प्रदीप झा भाजयुमो अध्यक्ष सुनील साहू श्याम सुंदर राजवाड़े अदल सिंह अखिल चंद्र राजवाड़े राजू राजवाड़े मनोज राजवाड़े सुमित साहू अजय पांडेय विकास दुबे अनूप दुबे संतोष साहू लवकेश दुबे छत्रपाल यादव बलराम राजवाड़े फुलसाय लल्लू प्रसाद सहित बड़ी संख्या में भाजपा भाजयुमो पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस

छ.ग.फ्रंटलाइन

बलरामपुर। भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस ग्राम पंचायत कृष्णा नगर, संतोषी नगर, बरदर, रामनगर और सागरपुर सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में भव्य रूप से सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। ग्राम पंचायत कृष्णा नगर में प्रभारी बंशीधर गुप्ता, संतोषी नगर में पूर्व मंडल अध्यक्ष दिलीप सोनी, बरदर में गुरदेव सिंह, रामनगर में प्रेमनी सिंह और सागरपुर में संतोष सरदार के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष दिलीप सोनी ने अटल बिहारी वाजपेयी को छत्तीसगढ़ राज्य का निमार्ता बताते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ के विकास और अमन-चैन का श्रेय अटल जी की दूरदृष्टि और योगदान को जाता है। उनके प्रयासों के बिना यह संभव नहीं होता। वरिष्ठ भाजपा नेता बंसीधर गुप्ता ने कहा की अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश में स मान के साथ मनाया जा रहा है। वे एक कुशल प्रशासक, प्रखर वक्ता और महान कवि के रूप में जाने जाते थे। उनका योगदान भारतवासियों के दिलों में हमेशा अमिट रहेगा। आयोजन में संतोष सरदार, महामंत्री गुरदेव सिंह, अनूप गुप्ता, प्रेमी सिंह, भानुमति मोहन मेहता सहित हर ग्राम पंचायत के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सुशासन दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया संगोष्ठी

छ.ग.फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर - चिराग सोशल वेलफेयर सोसायटी अम्बिकापुर द्वारा राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर के सहयोग से संचालित लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना भाटापारा के द्वारा परियोजना निदेशक मंगल पाण्डेय के मार्गदर्शन में परियोजना कार्यालय भाटापारा में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के 100 वें जन्मदिन के अवसर पर अजातशत्रु पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर सुशासन दिवस के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संस्था के परियोजना प्रबंधक दशोदी सिंह द्वारा बताया गया कि सुशासन दिवस हर साल 25 दिसंबर को मनाया जाता है।सुशासन दिवस मनाने का मकसद नागरिकों और छात्रों को सरकार की जिम्मेदारियों और कर्तव्यों के बारे में बताना है। सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को पारदर्शिता के साथ गुणवत्तापूर्ण अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सुनिश्चित करना है। सरकार के साथ-साथ हम सभी की भी नैतिक जिम्मेदारी है कि सुशासन के लिए सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करें। संगोष्ठी में पूर्व प्रधानमंत्री अजातशत्रु स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन शैली, उनके संस्मरण एवं उनके द्वारा स्वरचित काव्य पाठ के माध्यम से उन्हें श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित की गई।




# पूर्व प्रधानमंत्रीअटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन पर 100 मांझी परिवार के वृद्ध जनों को कम्बल व फल वितरण किया

छ.ग.फ्रंटलाइन

मैनपाट - पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को पूरा देश सुशासन दिवस के तौर पर मना रहा है। इस अवसर मैनपाट विकासखण्ड मुख्यालय नर्मदापुर में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर उनकी छाया चित्र पर माल्यार्पण कर पुण्य स्मरण किया।

इस अवसर पर भाजपा नेता अनिल सिंह ने कहा कि अटल जी देश को मजबूत करने में अमूल्य योगदान दिया है। अटल जी का नेतृत्व, दूरदृष्टि और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी नीतियों और विचारों ने भारत को एक नई दिशा दी। अनिल सिंह ने कहा कि अटल जी के मूल्यों को आत्मसात कर हम सभी राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। इस अवसर पर नर्मदापुर में चौक में 100 मांझी परिवारों के वृद्धजनों को कम्बल व फल वितरण किया गया। इस अवसर पर सेंट्रल बैंक मैनेजर दीपक सिंह सहित महावीर गुप्ता, रामवतार अग्रवाल, गोपाल यादव, महेंद्र गुप्ता, मोहित नामदेव, नरेश अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, दया यादव, सुमित गुप्ता, मनोज अग्रवाल, सतेंद्र ठाकुर, धनन्जय सिंह, नीरज यादव, लालजीवन रवि, सहित मांझी परिवारो के वृद्धजन उपस्थित रहें।




# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका पुण्य स्मरण किया

**कहा – छत्तीसगढ़वासियों की भावनाओं का सम्मान करने वाले महान राजनेता थे अटल जी**

छ.ग.फ्रंटलाइन

रायपुर /मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के अवंति विहार चौक पहुंचकर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुण्य स्मरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अटल जी छत्तीसगढ़वासियों की भावनाओं का सम्मान करने वाले महान राजनेता थे। अटल जी का नेतृत्व, दूरदृष्टि और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी नीतियों और विचारों ने भारत को एक नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय अटल जी के सपनों को साकार करते हुए ही छत्तीसगढ़ तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने अटल जी के जन्मशती के इस विशेष अवसर पर कहा कि अटल जी के मूल्यों को आत्मसात कर हम सभी राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, विधायक श्री सुनील सोनी, विधायक श्री मोतीलाल साहू, विधायक श्री राजेश मूणत सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



सम्पादकीय

# नो डिटेंशन नीति खत्म होने से शिक्षा के स्तर सुधरेंगे

केंद्र सरकार ने प्राथमिक शिक्षा में सुधार के लिए एक और कदम उठाया है। 5वीं और 8वीं कक्षा में फेल होने पर अब विद्यार्थी प्रोमोट नहीं होंगे। फेल होने वालों को दो महीने में दोबारा परीक्षा में भाग लेना होगा। उसमें भी फेल होने पर हालांकि बच्चे स्कूल से नहीं निकाले जाएंगे, लेकिन वे अगली कक्षा में नहीं जा सकेंगे, उन्हें उसी कक्षा में रहना होगा। दरअसल, हाल के वर्षों में परीक्षा में पास होने के दबाव के चलते बच्चों में तनाव बढ़ने और आत्महत्या के मामले सामने आने के बाद सरकार ने 5वीं व 8वीं कक्षा में फेल होने वाले विद्यार्थियों को भी प्रोमोट करके अगली कक्षा में जाने का प्रावधान कर दिया था, इससे बच्चों की स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हो रही थी। प्राथमिक शिक्षा का स्तर गिर रहा था। इसलिए सरकार ने नो डिटेंशन पॉलिसी खत्म कर दी है। नई शिक्षा नीति पहले से ही काफी उदार और लर्निंग आधारित है। उसमें ऐसी नीति की जरूरत भी नहीं है। केंद्र सरकार की नई पॉलिसी का असर केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों और सैनिक स्कूलों सहित करीब तीन हजार से ज्यादा स्कूलों पर पड़ेगा। 16 राज्य और 2 केंद्र शासित प्रदेश (दिल्ली और पुडुचेरी) नो-डिटेंशन पॉलिसी पहले ही खत्म कर चुके हैं। शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक स्कूली शिक्षा राज्य का विषय है, इसलिए राज्य इस संबंध में अपना निर्णय ले सकते हैं। 2016 में सेंट्रल एडवाइजरी बोर्ड ऑफ एजुकेशन (सीएबीई) ने तबके मानव संसाधन विकास मंत्रालय (अब शिक्षा मंत्रालय) को 'नो डिटेंशन पॉलिसी'हटाने का सुझाव दिया था। सीएबीई ने तब तर्क दिया था कि इस पॉलिसी की वजह से विद्यार्थियों के सीखने का स्तर गिर रहा है। शिक्षा पर टीएसआर सुब्रमण्यम कमेटी और सीएबीई के तहत बनाई गई वासुदेव देवनानी कमेटी ने नो डिटेंशन पॉलिसी को रद करने की सिफारिश की थी। यह बात भी प्रकाश में आई कि, नो डिटेंशन पॉलिसी के अंतर्गत छात्रों का मूल्यांकन करने के लिए शिक्षकों के पास पर्याप्त साधन नहीं थे। अधिकतर मामलों में छात्रों का उचित मूल्यांकन ही नहीं किया जाता था। देशभर में 10 फीसदी से भी कम स्कूलों में नो डिटेंशन पॉलिसी के हिसाब से शिक्षक और मूल्यांकन ढांचा पाया गया। इस नीति में स्कूलों का जोर अधिक से अधिक दाखिले पर था, जबकि पठन-पाठन का स्तर गिरता रहा। इससे छात्र पढ़ाई के प्रति लापरवाह होते गए, क्योंकि उन्हें फेल होने का डर ही नहीं था। नो डिटेंशन पॉलिसी राइट टू एजुकेशन 2009 का हिस्सा थी। ये सरकार की पहल थी, जिससे भारत में शिक्षा की स्थिति में सुधार हो सके। इसका उद्देश्य था कि बच्चों को शिक्षा के लिए बेहतर माहौल दिया जा सके ताकि वो स्कूल आते रहें। उस वक्त माना गया कि फेल होने से विद्यार्थी के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचती है व बच्चे शर्म महसूस करते हैं जिससे पढ़ाई में वो पिछड़ सकते हैं। कई टेंशन में आ जाते हैं। इसलिए नो डिटेंशन पॉलिसी लाई गई जिसमें 8वीं तक के बच्चों को फेल नहीं किया जाता था। जुलाई 2018 में लोकसभा में राइट टु एजुकेशन को संशोधित करने के लिए बिल पेश किया गया था। इसमें स्कूलों में लागू 'नो डिटेंशन पॉलिसी'को खत्म करने की बात थी। इसके अनुसार 5वीं और 8वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए नियमित परीक्षा की मांग की गई थी। इसी के साथ फेल होने वाले विद्यार्थियों के लिए दो महीने के अंदर री-एग्जाम कराने की भी बात थी। 2019 में यह बिल राज्यसभा में पास हुआ। इसके बाद राज्य सरकारों को ये हक था कि वो नो डिटेंशन पॉलिसी हटा सकते हैं या लागू रख सकते हैं। कई राज्यों ने इस नीति को हटा दी थी। अब जबकि केंद्र सरकार ने नो डिटेंशन नीति को खत्म कर दी है, तो यह अब पूरे देश में लागू हो जाएगा। केंद्र के इस कदम से प्राथमिक शिक्षा के स्तर में सुधार देखने को मिलेगा। अब विद्यार्थी अपनी शिक्षा को लेकर लापरवाह नहीं रहेंगे। इससे वे पढ़ाई पर ध्यान देंगे।

# बीस वैश्विक सर्वोच्च सम्मान के मायने



विश्लेषण
ओमकार चौधरी

नरेन्द्र मोदी को बतौर प्रधानमंत्री कुवैत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'आर्डर आफ़ मुबारक अल कबीर' से सम्मानित किया गया। इस्लामिक देशों की ओर से पहली बार उन्हें इस तरह का सम्मान नहीं मिला है, इससे पूर्व भी कई मुसलिम देश उन्हें अपने यहां के 'सर्वोच्च सम्मान' से नवाज चुके हैं। क़रीब साढ़े दस साल में उन्हें दुनिया के बीस देशों का शिखर सम्मान मिल चुका है। यह अपने आप में अनूठा कीर्तिमान है क्योंकि उनसे पहले किसी भारतीय प्रधानमंत्री को दुनिया में इतना सम्मान नहीं मिला। उन्हें 2016 में दो देशों ने, 2018 में फिलिस्तीन, 2019 में यूएई, बहरीन और मालदीव, 2020 में अमेरिका ने, 2023 में पाँच देशों ने जबकि 2024 में अब तक सात देशों ने सर्वोच्च सम्मान से अलंकृत किया है।

तेरह सितंबर 2013 को जब गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी को भारतीय जनता पार्टी की ओर से 2014 के लिए प्रधानमंत्री पद का चेहरा घोषित किया गया, तब कांग्रेस सहित विपक्ष के कई दलों ने नाक-भौं सिकोड़ते हुए नुक्ताचीनी की थी। तब के केन्द्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा था कि वो तो कूप मंडूक हैं। गुजरात के बाहर वो जानते ही क्या हैं ? बतौर प्रधानमंत्री मोदी विदेश नीति पर कैसे काम करेंगे, उन्हें तो कुछ जानकारी ही नहीं है। बाद में इससे और दो कदम आगे बढ़कर ताल कटोरा स्टेडियम में आयोजित कांग्रेस अधिवेशन के मौके पर मीडिया में मणिशंकर अय्यर ने वो आत्मघाती बयान दे डाला था कि नरेन्द्र मोदी इक्कीसवीं सदी में प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे नहीं बनेंगे नहीं बनेंगे। वो चाहें तो यहां चाय की दूकान खोल लें, हम उन्हें ज़मीन उपलब्ध करा देंगे। नरेन्द्र मोदी 2014 में न केवल भारत के प्रधानमंत्री बने बल्कि वो 2019 में भी पीएम चुने गए और अब 2024 में तीसरी बार देश का नेतृत्व कर रहे हैं। उनके प्रमाणिक नेतृत्व के कारण ही नागरिकों ने लगातार तीसरी बार कांग्रेस और उसके नेतृत्व राहुल गांधी को नकार दिया। रविवार को उन्हीं नरेन्द्र मोदी को बतौर प्रधानमंत्री कुवैत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'आर्डर आफ़ मुबारक अल कबीर' से सम्मानित किया गया। इस्लामिक देशों की ओर से पहली बार उन्हें इस तरह का सम्मान नहीं मिला है, इससे पूर्व भी कई मुसलिम देश उन्हें अपने यहां के 'सर्वोच्च सम्मान' से नवाज़ चुके हैं। क़रीब साढ़े दस साल में उन्हें दुनिया के बीस देशों का शिखर सम्मान मिल चुका है। यह अपने आप में अनूठा कीर्तिमान है क्योंकि उनसे पहले किसी भारतीय प्रधानमंत्री को दुनिया में इतना सम्मान नहीं मिला। उन्हें 2016 में सऊदी अरब और अफ़ग़ानिस्तान ने, 2018 में फिलिस्तीन, 2019 में संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन और मालदीव, 2020 में अमेरिका ने, 2023 में पाँच देशों फिजी, पापुआ न्यू गिनी, मिस्र, फ्रांस और ग्रीस ने जबकि 2024 में अब तक सात देशों रूस, भूटान, नाइजीरिया, डोमिनिका, गुयाना, बारबाडोस और कुवैत ने सर्वोच्च सम्मान से अलंकृत किया है।

जहां तक कुवैत द्वारा दिए गए इस 'सम्मान' का प्रश्न है, 'ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' उसका प्रतिष्ठित नाइटहुड पुरस्कार है, जो राष्ट्राध्यक्षों और विदेशी शाही परिवारों के सदस्यों को दिया जाता है। इससे पहले यह सम्मान बिल क्लिंटन, प्रिंस चार्ल्स और जॉर्ज बुश जैसी हस्तियों को दिया जा चुका है। इसकी स्थापना 1974 में हुई थी। यह कुवैत के ऐतिहासिक नेता मुबारक अल-सबाह की स्मृति में दिया जाता है, जिन्होंने 1897 में कुवैत को स्वतंत्र देश के रूप में स्थापित किया था।

2014 में जब मोदी ने देश की बागडोर संभाली थी, तब अपने शपथ समारोह में सार्क देशों के प्रमुखों को आमंत्रित तक उन्होंने आस-पड़ोसियों से रिश्ते मज़बूत करने के संकेत दे दिए थे । पहले पाँच वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने दुनिया के ऐसे कई देशों की यात्रा कीं, जहां दशकों से कोई प्रधानमंत्री गया ही नहीं था। दुनिया की प्रमुख शक्तियों से उन्होंने दोस्ताना रिश्तों को न केवल नई ऊर्जा प्रदान की अपितु भारत में पूंजी निवेश का मार्ग भी प्रशस्त किया। वह जहां भी गए, वहां की बड़ी



कंपनियों के सीईओ और औद्योगिक घरानों के प्रमुखों से बात की और उन्हें भारत आमंत्रित भी किया। मेक इन इंडिया, मेड़ इन इंडिया, स्टार्टर से लेकर तमाम प्रोजेक्ट और कार्यक्रमों के ज़रिए न केवल भारतीय टेलेंट को अवसर उपलब्ध कराए बल्कि दुनिया के लिए द्वार खोले । जहां आवश्यकता अनुभव की, वहां वाइब्रेंट गुजरात का मॉडल भी लागू किया । अपने दूसरे कार्यकाल में वह इन रिश्तों को दूसरे पायदान पर ले गए। विकसित ही नहीं, कई विकासशील देशों के राष्ट्र प्रमुखों के साथ उनकी निकटता और घनिष्ठता रंग लाती हुई दिखाई देने लगी । सुरक्षा परिषद में भारत की दावेदारी का प्रश्न हो अथवा वैश्विक मंचों पर भारत की बढ़ती भूमिका हो, उनके प्रयासों की धमक सुनाई देने लगी। यह उनकी स्वतंत्र और आक्रामक परंतु सूझ-बूझ वाली कूटनीति का ही नतीजा था कि जब यूक्रेन के साथ युद्ध छिड़ने के बाद अमेरिका और नाटो देशों ने रूस को दुनिया में अलग-थलग करने की कोशिश की, तब भारत मजबूती के साथ अपने पुराने मित्र के साथ खड़ा नज़र आया।

2014 के बाद की विश्व की घटनाओं, दुर्घटनाओं, आपदाओं और बदले हुए वर्ल्ड आर्डर पर जब नज़र दौड़ाते हैं तो बहुत सारी चीजें ज़ेहन में उतर आती हैं। कोविड का विनाशकारी काल हो या चीन की ओर से इस पूरे क्षेत्र में कई देशों के समक्ष पेश की जा रही चुनौती हो, कई देशों की उथल-पुथल रही हो या रूस-यूक्रन, इजरायल-हमास-हिजबुल्ला-ईरान के बीच की जंग, मोदी की अगुआई में भारत ने बेहद सूझ-बूझ के साथ हर चुनौती का सामना किया है और इन सभी घटनाक्रमों में एक सार्थक भूमिका भी अदा की है। यूक्रेन युद्ध के आलाप में भारत के रूस के साथ रिश्तों को लेकर अमेरिका ने दबाव बनाने की कोशिश की । वहां से ईंधन न खरीदने का प्रेशर डाला। उससे एस-400 प्रणाली न खरीदने को कहा परंतु भारतीय नेतृत्व ने उसे हिंदी में समझा दिया कि उसकी विदेश नीति का आधार सर्वोच्च राष्ट्रहित है। यह सही है कि पिछली डेढ़-दो दशक में हमारे अमेरिका से रिश्ते बहुत बेहतर हुए हैं परंतु बराक ओबामा रहे हों या ट्रंप, बीच में बाइडन आए हों या अब फिर से ट्रंप अमेरिका की कमान संभालने जा रहे हों, सबको संदेश साफ़ है कि भारत उसके साथ मित्रता के भाव से काम करेगा, किसी भी तरह के दबाव में नहीं आएगा। हमारे आस-पड़ोस में भी इस दौरान काफी उथल-पुथल रही। श्रीलंका, बांग्लादेश और अफ़ग़ानिस्तान में सरकारों के तख्ते उलट दिए गए। पाकिस्तान में आर्थिक संकट भी रहा और हमेशा की तरह सरकार-सेना के बीच उठा-पटक भी । नेपाल की चीन परस्ती हो या बांग्लादेश में कट्टरपंथी तत्वों की हरकतें, भारत ने इन सबसे शानदार तरीके से डील किया है और हर घटना पर रिएक्ट करते समय भारतीय हितों को सर्वोच्च रखा है।

मोदी के नेतृत्व वाले बदले हुए भारत दुनिया को यह संदेश भेजने में सफल रहा है कि वह अब केवल बिग-मार्केट नहीं है उनके लिए। वह पांचवीं अर्थव्यवस्था बन चुका है, तीसरी बनने की दिशा में बढ़ रहा है । जानी-मानी मल्टीनेशनल कंपनियों और प्रतिभाओं के लिए संभावनाओं के द्वार खोल चुका है। विश्व के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों में अग्रणी भूमिका निभाने को तैयार है। नई दिल्ली में जी-20 देशों के सफल सम्मिट के उपरांत दुनिया के देशों ने मोदी की लीडरशिप क्वालिटी का लोहा माना है। जिन्हें वहम था कि वह गुजरात के कूप मंडूक हैं, वो अब मुँह छुपाते घूम रहे हैं ।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मृत्युंजय मंत्र यानी मृत्यु पर विजय का मंत्र



शिव का मृत्युंजय मंत्र वैदिक परंपरा में सबसे प्रतिष्ठित मंत्रों में से एक है। मृत्युंजय का अर्थ है मृत्यु पर विजय। आत्मा की कोई मृत्यु नहीं है। यह एक शरीर से दूसरे शरीर में जाती है। मृत्युंजय का अर्थ है क्षणभंगुर पर मन की विजय और शाश्वत की ओर बढ़ना। जब मन को यह एहसास होता है कि मैं शाश्वत हूं। मुझमें कुछ ऐसा है जो बदल नहीं रहा है। फिर कोई भय नहीं रहता। भय मृत्यु के लक्षणों में से एक है। जब आप भय पर विजय प्राप्त करेंगे, तब नाशवान के साथ पहचान की लघु मानसिकता पर विजय प्राप्त कर लेंगे और अविनाशी की ओर बढ़ेंगे। हम इन दोनों का मिश्रण हैं। हमारी आत्मा अविनाशी है और शरीर नाशवान है। अक्सर हमारा मन नाशवान से जुड़ा होता है और उसे लगता है कि वह मर रहा है। मृत्युंजय मंत्र हमारे मन को सीमित पहचान से असीमित पहचान की ओर ले जाता है। इसमें एक प्रार्थना है- शिव मुझे सबल बनाएं। उन्हें मुझे दृढ़ बनाने दो, वह मुझे बंधन से मुक्ति दिलाएं। आमतौर पर लोग पूछते हैं कि जीवन का उद्देश्य क्या है? सृजन का उद्देश्य क्या है? यह ब्रह्मांड किसी स्थान पर जाने की यात्रा नहीं है। सृष्टि का कोई उद्देश्य नहीं है। यह मात्र चेतना का एक खेल और प्रदर्शन है। जैसे नर्तक और नृत्य अलग नहीं हो सकते, वैसे ही सृष्टि और रचयिता दो अलग वस्तुएं नहीं हैं। इस सत्य को नटराज (शिव के रूपों में से एक) के रूप में दर्शाया गया था। नटराज स्वयं चेतना हैं, उनमें पांच तत्वों को दर्शाया गया है। चेतना का नृत्य संपूर्ण ब्रह्मांड है।




संकलित
दर्शन

# गुरु की सीख से मुश्किलें होती है दूर



बृहस्पति देवताओं के गुरु हैं। महाभारत के आदि पर्व के मुताबिक, बृहस्पति महर्षि अंगिरा के पुत्र हैं और अपने ज्ञान से देवताओं का मार्गदर्शन करते हैं। एक कथा है कि एक बार देवराज इंद्र की जगह राजा नहुष को स्वर्ग का राजा बनाया गया था। स्वर्ग का राजा बनते ही राजा नहुष अहंकारी हो गया। वह देवताओं को तरह-तरह से परेशान करता रहता था। सभी देवगण राजा नहुष से त्रस्त हो गए थे। इसी बीच बलशाही होने के कारण राजा नहुष के मन में इंद्र की पत्नी शची के लिए पाप आ गया। वह उसे अपनी पत्नी बनाना चाहता था। इससे डरकर शची देवगुरु बृहस्पति के पास पहुंचीं। बृहस्पति ने शची को एक योजना बताई। बृहस्पति ने शची से कहा कि आप नहुष से कहना कि जब वह सप्त ऋषियों द्वारा उठाई गई पालकी में बैठकर आएगा, तब ही वह उसे अपना स्वामी मानेगी। शची ने यही किया। बृहस्पति की योजना के अनुसार शची ने ये बात नहुष से कह दी। नहुष ने ऐसा ही किया। सप्तऋषि जब पालकी उठाकर चल रहे थे, तभी अहंकारी राजा नहुष ने एक ऋषि को लात मार दी। क्रोधित होकर ऋषि ने उसे उसी समय स्वर्ग से गिरने का शाप दे दिया। शाप के बाद राजा नहुष ने स्वर्ग का राजपाठ खो दिया। इस प्रकार देवगुरु बृहस्पति की सलाह से शची की रक्षा हो गई। गुरु की सीख से बड़ी-बड़ी मुश्किलें दूर हो सकती हैं।



संकलित
प्रेरणा

खोज



डा. मोनिका शर्मा

# कैंसर वैक्सीन : जीवन सहेजने की जगी आशा

कैंसर की व्याधि हमारे देश में ही नहीं दुनियाभर में एक बड़ी आबादी का जीवन लीलने वाली बीमारी बन गई है। यही वजह है कि रूस द्वारा कैंसर की वैक्सीन बना लेने का दावा इस भयावह रोग से जूझती दुनिया के लिए जीवन सहेजने की आशा को बल देने वाला है । इस जानलेवा बीमारी से दुनिया के हर भू-भाग पर बसे लोग जंग लड़ रहे हैं हर आयु वर्ग की महिलाएं और पुरुष कैंसर का शिकार बन रहे हैं । यहाँ तक कि बच्चे भी इस व्याधि के घेरे में आ रहे हैं। ऐसे में कैंसर के विरुद्ध जीवन की जंग जीतने का रूस द्वारा किया गया दावा समग्र वैश्विक समाज की उम्मीदों से जुड़ा है। रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय ने घोषणा की है कि कैंसर के इलाज के लिए एक वैक्सीन विकसित कर ली गई है। कैंसर की रोकथाम के लिए नहीं, बल्कि कैंसर से जूझ रहे मरीजों के इलाज में उपयोगी इस टीके को बना लिए जाने की पुष्टि वहाँ के रेडियोलॉजी मेडिकल रिसर्च सेंटर के प्रमुख आंद्रेई कैप्रिन ने की है । साथ ही यह भी कहा गया है कि इस वैक्सीन को 2025 की शुरुआत से मरीजों को निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

चिंतनीय है कि हमारे देश में भी इस जानलेवा व्याधि के आंकड़े तेज़ी से बढ़ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हमारे यहाँ प्रतिवर्ष लगभग 10 लाख से अधिक कैंसर के नए मामले सामने आते हैं। दुनियाभर में कैंसर के सबसे अधिक रोगियों की सूची में भारत तीसरे स्थान पर है। वर्ल्ड कैंसर रिसर्च फंड इंटरनेशनल का अध्ययन बताता है कि सबसे अधिक कैंसर के मामले चीन में हैं । उसके बाद अमेरिका और तीसरे नंबर पर भारत है। चीन में लगभग 48 लाख, लगभग 23 लाख और भारत में करीब 14 लाख से ज्यादा लोग कैंसर की जद में हैं। भारतीय महिलाओं में तो स्तन कैंसर की व्याधि बड़ा जोखिम बन गई है । भारत में 2022 में सामने 14.13 लाख कैंसर के मामलों में 9.16 लाख लोगों की मौत हुई थी। कुछ समय पहले हुए अध्ययन मुताबिक स्तन कैंसर कुल कैंसर मामलों का 13.5 प्रतिशत था। यह आंकड़ा हमारे देश में होने वाली सभी मौतों में 10.6 प्रतिशत है। चिंतनीय है कि हमारे यहाँ इलाज की शुरुआत करने वाली 50 प्रतिशत से अधिक महिलाएं स्तन कैंसर के चरण 3 और 4 से पीड़ित होती हैं। परिणामस्वरूप बड़े शहरों से लेकर गांवों-कस्बों तक, स्तन कैंसर की व्याधि स्त्रियों का जीवन लील रही है । इन हालातों में कैंसर रोगियों के बढ़ते आंकड़ों से जुड़ी सबसे बड़ी चिंता यही है कि अभी तक इस बीमारी का कोई टीका उपलब्ध नहीं है। विडम्बना ही है कि हमारे देश को आज दुनिया का कैंसर कैपिटल कहा जाने लगा है । तंबाकू के बढ़ते इस्तेमाल से लेकर पर्यावरण प्रदूषण और असंयमित जीवनशैली तक, अनगिनत कारण इस व्याधि का आंकड़ा बढ़ा रहे हैं । चिकित्सकों ने भी चेताया है कि आगामी वर्षों में इस लाइलाज बीमारी के हालात और बिगड़ सकते हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के अनुसार अगले दशक में कैंसर रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ने की संभावना है। 2040 तक कैंसर पीड़ितों का आंकड़ा के दोगुना होने का अनुमान है।

दुखद है कि रोगी को शारीरिक-मानसिक मोर्चे पर कमजोर करने वाली इस व्याधि का लंबा चलने वाला इलाज परिवार को भी आर्थिक रूप से कमजोर कर देता है । इतना ही नहीं यह स्थिति स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए भी एक बड़ी चुनौती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और अंतर्राष्ट्रीय कैंसर अनुसंधान एजेंसी के मुताबिक हमारे यहाँ मुख, फेफड़े, स्तन, गर्भाशय ग्रीवा और पेट के कैंसर के मामले सबसे अधिक हैं। सांस्कृतिक यानी जीवनशैली जनित स्थितियाँ और पर्यावरणीय परिस्थितियाँ इनका अहम कारण हैं । विशेषकर युवा वर्ग में बढ़ रहे कैंसर के मामले धूम्रपान, शराब सेवन, निष्क्रिय-तनावपूर्ण जीवनशैली और अस्वास्थ्यकर भोजन से गहराई से जुड़े हैं। ऐसे में जागरूक सोच, सजगता और स्वस्थ जीवनशैली से ही इस व्याधि को परास्त किया जा सकता है । साथ ही अच्छी चिकित्सा व्यवस्था और सटीक उपचार भी जीवन सहेजने के लिए आवश्यक हैं । यही वजह है कि इस बीमारी के निदान और उन्नत इलाज से जुड़े अध्ययनों के सकारात्मक परिणामों की प्रतीक्षा दुनिया के हर देश को है ।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## महाकुंभ 2025



प्रयागराज में सोमवार को महाकुंभ मेले से पूर्व नागा साधु रुद्राक्ष की माला पहने धुनी रमाते हुए।

## आज की पाती

### किसानों से संवाद जरूर हो

23 दिसंबर को किसान दिवस मनाया जाता है। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने किसानों की दशा और उनकी जिंदगी में सुधार लाने के लिए अपने कार्यकाल में उनके लिए बहुत-सी नीतियों को हरी झंडी दी थी। उन्होंने कहा था कि अगर किसानों की दशा सुधरेगी तो देश सुधरेगा। उन्होंने किसानों की दशा सुधारने के लिए देश को आजाद होने से पहले भी और बाद में भी खूब प्रयास किए। उनकी बदौलत ही वर्ष 1952 में जमींदारी उन्मूलन विधेयक पारित हो सका था। आज स्थिति यह है कि किसानों की समस्याओं की तरफ गंभीरता दिखाने वाले कम और उनके मुद्दों पर राजनीति करने वाले राजनीति में बहुत हो गए हैं। किसान आज आंदोलित हैं। सरकार को गंभीरता से उनके साथ संवाद करना चाहिए।

*- मदन चंद्राकर, दुर्ग*

## करंट अफेयर

### टिकटॉक पर प्रतिबंध जल्दबाजी में नहीं

अल्बानिया के प्रधानमंत्री एडी रामा ने कहा कि उनकी सरकार द्वारा वीडियो सेवा 'टिकटॉक' पर शनिवार को लगाया गया प्रतिबंध, 'किसी एक घटना पर जल्दबाजी में लिया गया फैसला नहीं है।' अल्बानिया के प्रधानमंत्री ने शनिवार को 'टिकटॉक' पर, खासकर बच्चों में, हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए उसे एक साल के लिए बंद किए जाने की घोषणा की थी।




अल्बानियाई अधिकारियों ने नवंबर के मध्य में 'टिकटॉक' पर शुरू हुए झगड़े के उपरांत एक किशोर की दूसरे किशोर द्वारा चाकू घोंपकर हत्या किए जाने की घटना के बाद शिक्षकों और अभिभावकों के साथ 1,300 बैठकें कीं। उनमें से 90 प्रतिशत ने 'टिकटॉक' पर प्रतिबंध का समर्थन किया।रामा ने रविवार को कहा, 'अल्बानिया में एक साल के लिए टिकटॉक पर प्रतिबंध, किसी एक घटना को लेकर जल्दबाजी में लिया गया निर्णय नहीं है, बल्कि देशभर के स्कूलों में अभिभावक के परामर्श के बाद सोच-समझकर लिया गया फैसला है।' वहीं, टिकटॉक ने चाकू घोंपने वाले किशोर के मामले में अल्बानिया सरकार से तत्काल स्पष्ट जानकारी मुहैया कराने को कहा है। कंपनी ने कहा कि उसे 'इस बात का कोई सबूत नहीं मिला है कि अपराधी या पीड़ित का 'टिकटॉक अकाउंट' था।

## ऑफ बीट

### काम से उचित ब्रेक लेना स्वास्थ्य के लिए अच्छा

हमेशा काम में ही जुटे रहना ठीक नहीं होता। यहां तक कि जब हम छुट्टी पर होते हैं, तब भी हमारे फोन और लैपटॉप हमें व्यस्त रखते हैं। हममें से कई लोग खुद से वादा करते हैं कि हम छुट्टी के दौरान ईमेल नहीं देखेंगे। लेकिन हम ऐसा ही करते हैं। कार्यस्थल से दूर होना और यहां तक कि किसी नए स्थान पर होना भी, मनोवैज्ञानिक रूप से अक्सर काम से दूरी के लिए पर्याप्त नहीं होता है। हम छुट्टियों के दौरान भी उस 'प्रोजेक्ट' के बारे में सोच रहे होते हैं जिसे हमें जल्द से जल्द पूरा करना है या फिर हमारे बजाय किसी और के उस 'प्रोजेक्ट' से जुड़ने के कारण हम खुद को दोषी महसूस कर सकते हैं।'डिजिटल मौजूदगी' हमारे नियोक्ताओं ने भले ही स्पष्ट रूप से नहीं कहा हो, लेकिन फोन और लैपटॉप के होने से हमेशा यह अपेक्षा बनी रहती है कि हम किसी भी वक्त आसानी से उपलब्ध रहेंगे, यहां तक कि काम के सामान्य कार्य घंटों के अलावा भी हमसे काम के लिए उपलब्ध रहने की अपेक्षा की जाती है। जुड़ाव या 'डिजिटल उपस्थिति' की यह भावना, हमें तनावग्रस्त, चिंतित और थकान पैदा कर हमारे स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है। हालांकि, जब हम कार्यालय से बाहर हों या छुट्टी पर हों तो अपने कार्य उपकरणों को बंद करके इन समस्याओं से दूर रह सकते हैं।



## ट्रेंड

### सिंह किसानों को समर्पित



पूर्व प्रधानमंत्री चरण सिंह किसानों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध थे। कृषि क्षेत्र और किसान कल्याण, 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए बुनियादी आधार हैं। 122वीं जयंती पर श्री सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। यह संकल्प लेने का अवसर है कि भारत के उत्थान के लिए कृषि अहम है। -**जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति**

### किसान दिवस की शुभकामनाएं



किसान ही हिन्दुस्तान है। सभी किसान बहन-भाइयों को, खेत-मज़दूरों को किसान दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। देश के किसानों के लिए संघर्षरत रहे, भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन।

**-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### सबकी नीयत में खोट



संविधान के निर्माता डा. बीआर आंबेडकर का अनादर/अपमान व उनके करोड़ों अनुयायियों के प्रति हीन भावना का दुखद परिणाम है कि परभणी जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हुई। साबित है कि कांग्रेस व भाजपा आदि कोई इनका सच्चा हितैषी नहीं। सबकी नीयत, नीति में खोट है।।

**- मायावती, बसपा प्रमुख व पूर्व सीएम**

### यूपी क्राइम में नंबर वन



उत्तर प्रदेश अब 'इज ऑफ़डूइंग क्राइम' में हुआ नंबर एक। आज का एपिसोड... लखनऊ का ओवरसीज बैंक, जहाँ लॉकर काटकर बहुमूल्य सम्पदा चोरी हुई। कल सहारनपुर में बैंक लुटा था।

**-अखिलेश यादव, पूर्व सीएम**



# कांग्रेस ने अंबेडकर का किया अपमान

## कांग्रेस उनके सपनों का भारत बनाने का कर रही काम : सीएम योगी

संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कथित तौर पर बीआर अंबेडकर का अपमान करने और दलित और वंचित समुदायों की उपेक्षा करने के लिए कांग्रेस की आलोचना की है। उन्होंने कांग्रेस पर अंबेडकर की चुनावी हार की साजिश रचने और उनके सम्मान में स्मारक स्थापित करने में विफल रहने का आरोप लगाया। इसके विपरीत, उन्होंने अंबेडकर की विरासत का सम्मान करने के लिए भाजपा के प्रयासों पर प्रकाश डाला, जिसमें अंबेडकर के जीवन से जुड़े पांच महत्वपूर्ण स्थलों 'पंचतीर्थ' को विकसित करना भी शामिल है।



योगी ने कहा कि इस प्रेस कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों द्वारा समय-समय पर बाबा साहेब के किये जा रहे असंवैधानिक और अनैतिक अपमान को उजागर करना है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने देश की आजादी और संविधान के निर्माण में अहम भूमिका निभाई। हर भारतीय के मन में बाबा साहब के प्रति श्रद्धा और सम्मान की भावना है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने बाबा साहब के सपनों का देश बनाने का काम किया है। भारतीय जनता पार्टी ने बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर को सम्मान दिया है।

सीएम ने यह भी दावा किया कि कांग्रेस ने आपातकाल के दौरान संविधान की प्रस्तावना में संशोधन किया, जिसमें 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' जैसे शब्द जोड़े गए, जिनके बारे में उनका तर्क है कि ये अंबेडकर की मूल दृष्टि का हिस्सा नहीं थे। इसके अलावा, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भाजपा ने लगातार दलितों और हाशिए पर रहने वाले समुदायों के उत्थान के लिए काम किया है, जबकि यह कांग्रेस की उपेक्षा और तुष्टिकरण की राजनीति के कथित इतिहास से अलग है।

## अटल जी के प्रति अनुराग व प्रेम को व्यक्त करते हैं युवा कुम्भ जैसे आयोजन : सीएम योगी

संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि युवा कुम्भ जैसे आयोजन अटल बिहारी वाजपेयी के प्रति देश-प्रदेश के अनुराग व प्रेम को व्यक्त करते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षा मंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के साथ मंगलवार को के डी सिंह बाबू स्टेडियम में अटल युवा महाकुम्भ की शुरूआत करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि यहां के जनप्रतिनिधियों ने पूर्व प्रधानमंत्री की स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए सभी संस्थाओं को एक मंच दिया है। योगी ने कहा कि युवा कुम्भ उन स्मृतियों को ताजा कर रहा है।

जो भारत की सनातन धर्म की परंपरा में कुम्भ के आयोजन के साथ जुड़ती है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष पर कदम से कदम मिलाकर चलना होगा थीम पर यह आयोजन हुआ। रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री ने इस मौके पर बच्चों को चॉकलेट बांटी। योगी ने कहा कुम्भ भारत की पहचान है। सनातन व आध्यात्मिक ऊर्जा की अनुभूति का समागम है। उस महासमागम का जो दृश्य 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में दिखेगा, उसकी झांकी आज यहां देखने को मिल रही है।

योगी ने वाजपेयी की कविता कदम मिलाकर चलना होगा सुनाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वाजपेयी का जन्म शताब्दी वर्ष है और आज उसकी शुरूआत भव्यता से हो रही है।

# पीएम मोदी अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों से करेंगे चर्चा, बजट पर जानेंगे विचार

एजेंसी



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी वित्तीय वर्ष के लिए प्रमुख प्राथमिकताओं पर चर्चा करने के लिए शीर्ष अर्थशास्त्रियों के साथ बजट पूर्व परामर्श करने वाले हैं। बैठक में उन महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है और मध्यम वर्ग के लिए संभावित कर राहत उपायों की खोज की जाएगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और नीति आयोग के वरिष्ठ अधिकारी भी चर्चा में भाग लेंगे, जिसका उद्देश्य 2025-26 के बजट के लिए रणनीति बनाना और भारत की आर्थिक विकास संभावनाओं का मूल्यांकन करना है।

इस बीच, वित्त मंत्री सीतारमण ने 20 दिसंबर को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की। पंजाब और केरल जैसे वित्तीय रूप से तनावग्रस्त राज्यों के वित्त मंत्रियों ने सरकार से उपाय मांगे हैं। बैठक में वित्तीय रूप से तनावग्रस्त राज्यों ने विशेष पैकेज की मांग की, जबकि राज्य के वित्त मंत्रियों ने केंद्र से दीर्घकालिक बुनियादी ढांचे और पूंजीगत व्यय में सहायता के लिए 50-वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण के लिए आवंटन बढ़ाने का अनुरोध किया। राज्यों ने केंद्र से बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण से जुड़ी लागत का बड़ा हिस्सा, साथ ही इन परियोजनाओं के लिए पूंजीगत व्यय अपडेट और फंडिंग भी वहन करने के लिए कहा।

बीएसई और एनएसई ने कहा कि शेयर बाजार 1 फरवरी, शनिवार को कारोबार के लिए खुले रहेंगे। विशेष परिस्थितियों को छोड़कर शेयर बाजार आम तौर पर शनिवार और रविवार को बंद रहते हैं। 1 फरवरी को ट्रेडिंग सामान्य समय के दौरान सुबह 9:15 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक आयोजित की जाएगी।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 23.c

न्यूनतम तापमान 7.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

संसेक्स 81,526.14

निफ्टी 24,641.80

# 1,400 मिलियन गैलन पानी कराएंगे उपलब्ध

एजेंसी

नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को सत्ता में वापस आने पर दिल्ली को 1,400 मिलियन गैलन पानी उपलब्ध कराने का वादा किया। केजरीवाल ने कहा कि हम 2,500 ट्यूबवेल लगाएंगे। हम ट्रांस-यमुना से 250 मिलियन गैलन प्रतिदिन (एमजीडी) पानी लाएंगे। दक्षिणी और पश्चिमी दिल्ली में जमीन के नीचे बड़े-बड़े तालाब हैं। उन्होंने कहा कि हम वहां से 100 एमजीडी पानी निकालेंगे। वजीराबाद से पल्ला तक 100 एमजीडी पानी निकाला जाएगा। मेरा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि आपके नल में 24 घंटे साफ पानी रहे।



राष्ट्रीय राजधानी में, चरम गर्मियों के दौरान, अक्सर लू चलती है। हाल ही में शहर जिस भीषण जल संकट का सामना कर रहा है, उससे यह और भी बदतर हो गया है। आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने इस साल जून में आरोप लगाया कि हरियाणा दिल्ली के लिए पानी रोक रहा है और उनसे पानी छोड़ने को कहा है। बाद में, अक्टूबर में, यमुना नदी में बढ़ते प्रदूषण के कारण लुटियंस दिल्ली में पानी की आपूर्ति काफी बाधित हो गई थी।

सरकारी मुख्यालयों सहित कम से कम 27 प्रमुख स्थानों पर पानी की सीमित पहुंच रह गई थी। प्रभावित क्षेत्रों में जोर बाग, लोधी कॉलोनी, गोल्फ लिंक, पंडारा रोड, उच्च न्यायालय के आसपास, पूर्व और पश्चिम किदवई नगर, तुगलक क्रिसेंट, रविंदर नगर, खान मार्केट, लोधी एस्टेट, अकबर रोड, अमृता शेरगिल मार्ग, डॉ एपीजे अब्दुल शामिल थे। कलाम रोड, पृथ्वी राज रोड और तीस जनवरी रोड।

# 'लहसुन 40 से 400 पहुंच गया', सब्जी मंडी पहुंचे राहुल गांधी ने पूछा रेट

## कुंभकरण की नींद सो रही सरकार

एजेंसी

नई दिल्ली, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सरकार पर आम नागरिकों पर बढ़ती महंगाई के असर को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया और इसकी तुलना 'कुंभकरण' से की। गिरि नगर के सब्जी बाजार की हाल की यात्रा के दौरान, गांधी ने गृहिणियों से बात की जिन्होंने बताया कि कैसे बढ़ती कीमतें उनके दैनिक जीवन को बाधित कर रही हैं। स्थिर आय और आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती लागत के कारण होने वाले संकट पर प्रकाश डालते हुए, गांधी ने सरकारी जवाबदेही की आवश्यकता पर बल देते हुए नागरिकों से अपने मुद्रास्फीति के अनुभवों को साझा करने का आह्वान किया।



राहुल ने एक्स पोस्ट पर लिखा कि ह्ललहसुन कभी 40 रुपये था, आज 400 रुपये !ह्व बढ़ती महंगाई ने बिगाड़ा आम आदमी की रसोई का बजट - कुंभकरण की नींद सो रही सरकार! इससे पहले राहुल गांधी ने कहा था कि भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर दो साल में सबसे कम 5.4 फीसदी पर आ गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था तब तक प्रगति नहीं कर सकती जब तक इसका लाभ कुछ अरबपतियों तक सीमित न हो जाए, जबकि किसान, मजदूर, मध्यम वर्ग और गरीबों को आर्थिक संघर्ष का सामना करना पड़ता रहे।

राहुल ने एक्स पर लिखा कि भारत की जीडीपी विकास दर दो साल में सबसे कम 5.4% पर आ गई है। बात स्पष्ट है - भारतीय अर्थव्यवस्था तब तक प्रगति नहीं कर सकती जब तक इसका लाभ केवल मुट्ठी भर अरबपतियों को मिल रहा है और किसान, मजदूर, मध्यम वर्ग और गरीब विभिन्न आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आलू और प्याज की कीमतें करीब 50 फीसदी बढ़ने से खुदरा महंगाई दर 6.21 फीसदी हो गई है और रुपया गिरकर 84.50 पर पहुंच गया है।

## भारतीय रेलवे की कश्मीर के लिए हीटर वाली स्लीपर ट्रेन

### शुरू होने जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस

एजेंसी

नई दिल्ली, भारतीय रेलवे दो नई ट्रेनें शुरू करके जम्मू और कश्मीर में यात्रा को बदलने जा रहा है। एक सेंट्रली हीटेड स्लीपर ट्रेन और एक विशेष वंदे भारत एक्सप्रेस जल्द ही परिचालन शुरू करने की उम्मीद है, जिससे यात्रियों के लिए कनेक्टिविटी और आराम में और सुधार होगा। नई दिल्ली और श्रीनगर को जोड़ने के लिए एक सेंट्रली हीटेड स्लीपर ट्रेन की योजना बनाई जा रही है। मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं: यात्रा का समय: राजसी पहाड़ों पर 13 घंटे और शानदार चेनाब ब्रिज को पार करना, जो दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज है, जिसकी ऊंचाई 359 मीटर है।

# चुनाव आयोग के नियमों में बदलाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंची कांग्रेस, याचिका दायर कर की मांग

एजेंसी

नई दिल्ली, कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की, जिसमें चुनाव संचालन नियम, 1961 में हालिया संशोधनों को चुनौती दी गई और कहा गया कि चुनावी प्रक्रिया की अखंडता तेजी से खत्म हो रही है। सरकार ने सीसीटीवी कैमरों और वेबकास्टिंग फुटेज के साथ-साथ उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कुछ इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों के दुरुपयोग को रोकने के लिए सार्वजनिक निरीक्षण को रोकने के लिए एक चुनाव नियम में बदलाव किया है। पार्टी नेता जयराम रमेश ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी संभालने वाले चुनाव आयोग को इतने महत्वपूर्ण कानून में 'निर्लज्ज तरीके से एकतरफा संशोधन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

चुनाव संचालन नियम, 1961 में हाल के संशोधनों को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक रिट दायर की गई है। चुनाव आयोग, एक संवैधानिक निकाय, जिस पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी है, उसे एकतरफा और सार्वजनिक परामर्श के बिना अनुमति नहीं दी जा सकती है। उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा कि इतने महत्वपूर्ण कानून को इतने निर्लज्ज तरीके से संशोधित करें। यह विशेष रूप से सच है जब वह संशोधन आवश्यक जानकारी तक सार्वजनिक पहुंच को समाप्त कर देता है जो चुनावी प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाता है। चुनावी प्रक्रिया की अखंडता तेजी से खत्म हो रही है। उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट इसे बहाल करने में मदद करेगा।

चुनाव आयोग की सिफारिश के आधार पर, केंद्रीय कानून मंत्रालय ने 20 दिसंबर को चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 93(2)(ए) में संशोधन किया, ताकि सार्वजनिक निरीक्षण के लिए खुले कागजात या दस्तावेजों के प्रकार को प्रतिबंधित किया जा सके। चुनाव अधिकारियों ने आशंका व्यक्त की कि मतदान केंद्र के अंदर सीसीटीवी कैमरों की अनुमति देने से इसका दुरुपयोग हो सकता है और मतदाता गोपनीयता से समझौता हो सकता है।

# 'भाजपा डबल इंजन की सरकार नहीं, डबल ब्लंडर की सरकार'

## अखिलेश यादव ने मोदी-योगी सरकार पर किया तीखा कटाक्ष

एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार काफी एक्टिव तरीके से काम कर रही है। किसान मामले को सुलझाने की भी पूरी कोशिशे जारी हैं। वहीं दूसरी तरह विपक्ष अपना विरोध भी दर्शकों रहा हैं योगी सरकार की नीतियों को लेकर। हाल ही में संसद सत्र के दौरान भारी हंगामा देखा गया। संसद की कार्यवाही ठीक से नहीं चलर सकी। अब एक बार फिर से समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार और योगी सरकार पर निशाना साधा है। भाजपा डबल इंजन पर कटाक्ष करते हुए सरकार की नीतियों की ढोंग कहा हैं।



समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र और राज्य सरकार पर तंज कसते हुए मंगलवार को कहा कि भाजपा डबल इंजन की सरकार नहीं, डबल ब्लंडर (दोहरी गलतियों वाली) की सरकार है।

सपा प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर वंदे भारत ट्रेन की उस खबर को साझा किया जिसमें बताया कि ट्रेन को गोवा जाना था लेकिन वह कल्याण चली गई। उन्होंने पोस्ट में कहा, भाजपा डबल इंजन की सरकार नहीं, डबल ब्लंडर की सरकार है। भाजपा ने देश की गाड़ी को भी गलत पटरी पर डाल दिया है।


**मार्कसीट गुम सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरी GNM Nursing 3rd Year की मार्कसीट जो की Govt. G.N.M. Nursing Training School, Ambikapur द्वारा जारी की गई थी, गुम हो गई है। मुझे यह दस्तावेज मेरे घर से गुम हुआ था। अगर किसी को इस दस्तावेज के सम्बन्ध में कोई जानकारी मिले तो कृपया मुझे संपर्क करें।

आवश्यक कार्यवाही के लिए मैंने सम्बन्धित विद्यालय और रजिस्ट्रार कार्यालय में आवेदन कर दिया है। और नई मार्कसीट प्राप्त करने की प्रक्रिया में हूं।

नोटः- यह जानकारी सभी के ध्यानार्थ है ताकि यदि किसी को यह मार्कसीट मिलती हो तो मुझे सुचित किया जा सके।

धन्यवाद


नाम- देवकुमारी
पता- ग्राम+पोस्ट करजी
थाना दरिमा, अम्बिकापुर
सरगुजा (छ.ग.)


# चंडीगढ़ नगर निगम में जमकर हंगामा, पार्षदों के बीच हुई हाथापाई

एजेंसी

नई दिल्ली, चंडीगढ़ नगर निगम की बैठक मंगलवार को उस समय हंगामेदार हो गई जब डॉ. बीआर अंबेडकर पर गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस और बीजेपी पार्षद आपस में भिड़ गए। हाथापाई की वजह राष्ट्रीय स्तर पर सहयोगी कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के पार्षदों द्वारा पारित एक प्रस्ताव था, जिसमें पिछले हफ्ते राज्यसभा में संविधान पर बहस के दौरान उनकी टिप्पणियों के लिए शाह के इस्तीफे की मांग की गई थी।

मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है. पार्षदों को मारपीट करते हुए देखा जा सकता है क्योंकि परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों ने पूरी बात कैद कर ली है। कुछ पार्षद हाथापाई के दौरान कैमरे की ओर देखते हुए भी कैद हुए, लेकिन इससे उनके प्रयासों में कोई कमी नहीं आई।



वहीं, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मंगलवार को कहा कि अंबेडकर विवाद का एकमात्र समाधान यह है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बर्खास्त किया जाना चाहिए और राज्यसभा में बाबासाहेब अंबेडकर पर अपनी टिप्पणी पर देश से माफी मांगनी चाहिए।

मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, जयराम रमेश ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पिछले सात दिनों से कांग्रेस 'अंबेडकर सम्मान' सप्ताह मना रही है, जिसके दौरान विभिन्न स्थानों पर 100 से अधिक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई हैं। जयराम रमेश ने कहा कि यह 17 दिसंबर को गृह मंत्री द्वारा अंबेडकर के अपमान के जवाब में है। आज सभी जिलों में बैठकें हो रही हैं और राष्ट्रपति को सौंपने के लिए एक दस्तावेज तैयार किया जा रहा है। इस स्थिति का एकमात्र समाधान यही है कि गृह मंत्री को बर्खास्त किया जाये और माफी मांगी जाये। उन्होंने कहा कि पिछले 7 दिन से कांग्रेस पार्टी 'अंबेडकर सम्मान सप्ताह' मना रही है। हमने अमित शाह द्वारा अंबेडकर जी के अपमान किए जाने के मामले में देश के 100 से ज्यादा शहरों में प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की हैं।

# पहाड़ों पर बर्फबारी जारी, सफेद चादर में ढकें हिमाचल प्रदेश

## उत्तराखंड और कश्मीर, 174 सड़कें बंद, 700 पर्यटक फंसे

एजेंसी

नई दिल्ली, हिमाचल प्रदेश के मनाली में भारी बर्फबारी के बाद सोलंग और अटल टनल, रोहतांग के बीच कई वाहन घंटों तक अपने वाहनों में फंसे रहे, जिसके बाद 700 से अधिक पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। इलाके से मिली तस्वीरों में बर्फबारी जारी रहने के दौरान यात्रियों और ड्राइवरों को उनके वाहनों को सुरक्षित निकालने में पुलिस कर्मियों की मदद करते हुए दिखाया गया।

### हिमाचल में बर्फबारी, 174 सड़कें बंद होने से जाम की स्थिति

स्थानीय अधिकारियों ने भी बचाव अभियान का समन्वय किया। 8 दिसंबर को पहली बर्फबारी के बाद दो सप्ताह के अंतराल के बाद शुरू हुई इस मनमोहक बर्फबारी ने न केवल आगंतुकों को प्रसन्न किया है, बल्कि स्थानीय पर्यटन उद्योग के उत्साह को भी फिर से जीवंत कर दिया है, जो कोविड-19 महामारी से हुए नुकसान से उबरने के लिए संघर्ष कर रहा है।

### 700 पर्यटक फंसे

बर्फ से ढकी पहाड़ियों की खूबसूरती से मोहित पर्यटक अपने प्रवास को बढ़ा रहे हैं, जिससे यह सभी के लिए खुशी और जश्न का मौसम बन गया है। इस अप्रत्याशित बर्फबारी ने र्व्हाइट क्रिसमसर्‍ का सपना देखने वालों में उत्साह भर दिया है। कई पर्यटक, जो पहले तो यहां से जाने की योजना बना रहे थे, अब शिमला की सर्दियों की मस्ती का आनंद लेने के लिए यहीं रुकने का निर्णय ले चुके हैं।

### उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फवारी, ठंड बढ़ी

उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में सोमवार को बर्फवारी हुई जिससे निचले इलाकों में सर्द हवाएं चलने लगीं और पूरा प्रदेश भीषण ठंड की चपेट में आ गया। उत्तराखंड में बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, मुनस्यारी, हेमकुंड साहिब जैसे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जमकर बर्फ पड़ी। निचले इलाकों में सर्द और बर्फीली हवाएं चलने से तापमान में गिरावट आयी और ठंड बढ़ गयी। मसूरी, धनोल्टी और चकराता जैसे स्थानों पर भी कुछ देर हिमपात हुआ जिससे वहां घूमने आए पर्यटकों के चेहरे खिल गए। प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर दिन भर आसमान में बादल छाए रहे जबकि कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और बूदांबांदी हुई।

### उत्तर भारत के कई हिस्सों में बारिश से पारा लुढ़का, कश्मीर में कड़ाके की ठंड

उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में सोमवार को हल्की बारिश के बाद पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में दिन के तापमान में तेजी से गिरावट आई, जबकि कश्मीर में भीषण शीतलहर जारी रही और पारा शून्य से कई डिग्री नीचे चला गया। हिमाचल प्रदेश में शिमला और आसपास के इलाकों में भी हल्की बर्फबारी हुई, जिसके कारण राज्य में 30 सड़कें बंद हो गईं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सुबह बूंदाबांदी हुई और कोहरा छाया रहा तथा न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से एक डिग्री कम है। हरियाणा और पंजाब के कई हिस्सों में बारिश होने के कारण अधिकतम तापमान में भारी गिरावट आई। मौसम विभाग के अनुसार चंडीगढ़ में दिन में हल्की बारिश हुई और अधिकतम तापमान 13.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से छह डिग्री कम है।



# यीशु का संदेश सेवा-करुणा-क्षमा का भाव है जीवन की पूंजी

कवर स्टोरी

अंशु सिंह

सुख, शांति और खुशी का संदेश देता है क्रिसमस का त्योहार। बेशक यह ईसाइयों का मुख्य त्योहार है, लेकिन वर्तमान में यह समस्त धार्मिक सीमाओं से परे एक समग्र संस्कृति का प्रतीक बन चुका है। तमाम संप्रदायों के लोग इस त्योहार का उत्सव मनाने लगे हैं। जिस प्रकार ईश्वर के पुत्र माने जाने वाले ईसा मसीह ने सदैव अहिंसा, प्रेम, जरूरतमंदों की सेवा, क्षमा और दया भाव का संदेश मानव जाति को दिया, आज के माहौल में उनकी ये सभी सीखें बहुत मायने रखती हैं।

## सबसे करें निस्वार्थ प्रेम

आज इंसान मानो एक अंधी दौड़ का हिस्सा बन गया है। अभिलाषाओं, आकांक्षाओं की कोई सीमा नहीं रही। हर किसी की एक-दूसरे से अपेक्षा का स्तर इतना बढ़ गया है कि छोटी-सी बात ना माने या सुने जाने पर लोगों के दिल को ठेस पहुंचते देर नहीं लगती। बिना स्वार्थ तो अब कोई कार्य संपन्न ही नहीं होता। ना ही कोई अब निस्वार्थ प्रेम करता है। संबंधों में तनाव और बिखराव आने का यह एक बड़ा कारण है, लेकिन जब हम ईसा मसीह को देखते हैं, उन्होंने जीवनपर्यंत प्रेम की भावना को बढ़ावा दिया। वे कहते थे कि हर मनुष्य को एक-दूसरे से उसी प्रकार प्रेम करना चाहिए, जैसे कि ईश्वर मनुष्य से करता है। अर्थात सबसे निस्वार्थ प्रेम। इंसान को भी अपने दोस्तों, रिश्तेदारों के साथ बहुत प्रेम और करुणा के साथ जीवन जीना चाहिए। प्रेम के बिना कोई भी रिश्ता सफल नहीं हो सकता।



## सबकी करें प्रशंसा

यीशु का मत था कि हम सदैव सभी के कार्यों की प्रशंसा करना चाहिए, चाहे वह कितना ही छोटा या आसान क्यों ना हो। इसी प्रकार व्यक्ति की भी प्रशंसा कर उसका उत्साहवर्धन करना चाहिए। यीशु का कहना था कि जो दूसरों की प्रशंसा करता है, उसकी प्रशंसा स्वयं ईश्वर करता है। अब अगर हम अपने भीतर झांक कर देखें कि पूरे दिन में हम जिन लोगों से मिलते हैं, उनकी कितनी विशेषता देखते हैं? क्योंकि विशेषता देखे बगैर किसी की प्रशंसा करना संभव नहीं। सच्चाई यही है कि आज लोगों को नकारात्मकता की आदत पड़ चुकी है। वे व्यक्ति, वस्तु हर चीज में कमियां ही ढूंढते रहते हैं। इस तरह की नकारात्मक सोच उन्हें खुशी से दूर ले जाती है। वे हमेशा दुखी-परेशान रहते हैं।

## कमजोरों के प्रति हो दया भाव

ईसा मसीह से जुड़े कई ऐसे किस्से हैं, जिनमें जीवन को सुखी और सफल बनाने के सूत्र बताए गए हैं। ऐसी ही एक कहानी है, जब एक दिन यीशु कुछ बुरे लोगों के साथ बैठकर भोजन कर रहे थे। यह देखकर उनके शिष्यों को जरा भी अच्छा नहीं लगा। उन्होंने यीशु से इसकी शिकायत भी की। तब ईसा ने अपने शिष्यों को समझाते हुए पूछा, 'आप मुझे बताइए कि स्वस्थ और अस्वस्थ व्यक्ति में सबसे ज्यादा वैद्य की जरूरत किसे होती है?' इस पर शिष्यों ने जवाब दिया, 'अस्वस्थ लोगों को वैद्य की अधिक जरूरत होती है।' तत्पश्चात ईसा मसीह ने कहा कि वह भी एक वैद्य की तरह हैं और बुरे लोग बीमार रोगी की तरह, जो धर्म के रास्ते से भटक गए हैं। वे उन्हें धर्म के रास्ते पर लाना चाहते हैं। चाहते हैं कि वे बुराई छोड़कर अच्छे इंसान बनें। इस घटना से यह सीख मिलती है कि ईसा मसीह ने किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया, बल्कि कमजोर और बुरे लोगों के प्रति दया भाव रखकर उन्हें ऊपर उठाने की कोशिश की।

## सभी के प्रति क्षमाशील बनें

जिस प्रकार सच्चाई के रास्ते पर चलने से व्यक्ति में ऊर्जा का संचार होता है, वह नकारात्मक प्रभावों से बचा रहता है। उसी प्रकार लोगों के प्रति क्षमा भाव रखने से शत्रुता खत्म हो जाती है। ईसा मसीह ने भी कहा है कि क्षमा में बड़ी शक्ति होती है। किसी व्यक्ति द्वारा किसी को क्षमा करने को दुनिया का सबसे बड़ा धर्म माना जाता है। गलती करने वाले से अधिक बड़ा वह होता है, जो अमुक व्यक्ति को क्षमा कर दे। क्षमा करने से कठोर से कठोर व्यक्ति का हृदय भी पिघल जाता है। खुद आपके अंदर का बोझ हल्का हो जाता है। यीशु ने कहा है कि हर व्यक्ति में शक्तियों का खजाना है। सिर्फ इस खजाने को पहचानने की आवश्यकता है। सबके प्रति क्षमा, दया, करुणा का भाव रखने से व्यक्ति अपनी नजरों में ही ऊंचा उठ जाता है।

### माता-पिता की सेवा से प्रसन्न होते हैं ईश्वर

आधुनिक समाज में यह देखा जा रहा है कि कैसे बुजुर्ग माता-पिता को उनकी अपनी संतान बोझ समझने लगी है। उन्हें वृद्धाश्रम में भेज देते है। युवा पीढ़ी को खासकर अपने जीवन में अभिभावकों का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं। सोशल मीडिया और मोबाइल की लत में जकड़ी यह पीढ़ी भावनात्मक रूप से इस कदर कमजोर हो चुकी है, उनकी सहनशक्ति इतनी शिथिल पड़ गई है कि माता-पिता की डांट अथवा सीख उन्हें बिल्कुल नहीं भाती। लेकिन यीशु ने सिखाया है कि हम सबको अपने माता-पिता का आदर करना चाहिए। उनकी सेवा करने से ना सिर्फ दुआएं मिलती हैं, बल्कि ईश्वर भी प्रसन्न होते हैं। यीशु ने मन से स्वार्थ और लालच की भावना का त्याग करने की शिक्षा दी।



## गरीबों की मदद से मिलता है पुण्य

यीशु गरीबों की तकलीफों को अच्छी तरह समझते थे। वह उसे महसूस कर सकते थे। वे अमीरों के बड़े-बड़े दान से नहीं, बल्कि गरीब के छोटे से दान से खुश हो जाते थे। क्योंकि ये दान वे अपने बचत के पैसे से देते थे, जबकि अमीरों को दान करने का अभिमान रहता था। यीशु ने गरीबों के लिए ना सिर्फ करुणा महसूस की, बल्कि उनकी जरूरतें पूरी करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। वे कहते थे कि गरीबों की मदद करने से बड़ा कोई पुण्य नहीं। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन लोगों की भलाई में न्योछावर कर दिया। ईसाई धर्म के पवित्र ग्रंथ बाइबिल में लिखा है कि कैसे यीशु ने सभी को सत्य राह पर चलने की सीख दी। सच्चाई और अच्छाई के रास्ते से ही परमेश्वर की प्राप्ति हो सकती है।

---

सांता क्लॉज मतलब दूसरों की चिंता करने वाला, उपहार देकर खुशियां बांटने वाला। महिलाएं भी अपने घर-परिवार की सांता होती हैं, सबकी खुशियों का पूरा ध्यान रखती हैं, दूसरों की खुशी के लिए अपनी खुशियां भूल जाती हैं। लेकिन अपनी खुशियां और चिंता भी जरूरी है। खुद अपनी सांता क्लॉज बनें और खुद को खुश रखने का उपहार दें।




# मैं हूं अपनी सांता क्लॉज!

सेल्फ केयर

डॉ. मोनिका शर्मा

अपनों की खुशियों का खयाल रखने वाली अधिकांश महिलाएं अपनी ही अनदेखी करती हैं। घर-परिवार के माहौल को खुशनुमा माहौल बनाते हुए अपनी खुशियां भूल जाती हैं। त्योहारों पर भी अपने आपको सबसे पीछे रखती हैं। क्यों ना हर पर्व-त्योहार पर अपनी जिम्मेदारियों के प्रति खास सजगता बरतने वाली महिलाएं अपने लिए भी सोचें। अपने मन को संभालने वाली देवदूत सी बन जाएं। दिमाग को सार्थक दिशा देने वाली साथी बनकर अपना ही हाथ थाम लें। स्वयं को अपनी पसंद का उपहार दें। आपा-धापी भरे जीवन को भूलकर सुकून की राह चुनें। आप भी क्रिसमस के पर्व पर अपनी सांता क्लॉज बनने का निश्चय करें, खुद को दें खुश रहने का, सेहतमंद रहने का उपहार।



**खुद को दें प्रेम-परवाह का उपहार:** महिलाओं के मन की पोटली में अपने अलावा सभी के लिए प्रेम- स्नेह भरा होता है। खुद के लिए उनकी झोली में भाग-दौड़ और उलझनें ही रहती हैं। उपहारों की गठरी लिए सौगातें बांटने वाले सांता क्लॉज से जुड़े इस त्योहार पर स्वयं के प्रति प्रेम लुटाने की सोचिए, अपने आप प्यार करने का संकल्प लीजिए। गिफ्ट देने का रिवाज खुद के लिए भी बनाएं। अपने साथ सुखदायी व्यवहार करने की राह आपको ही चुननी है। ऐसा ना होने पर स्ट्रेस और असंतोष की पोटली भारी होती जाती है। अपनी भावनाओं का कद्र करना, हर इंसान की प्राथमिकता होनी चाहिए। इसलिए अपनी सांता आप बनने की राह चुनते हुए खुद को भी प्रेम-परवाह का उपहार दीजिए। जब आप ऐसा करेंगी तो दूसरों को भी प्रेम-परवाह का उपहार बहुत ही अच्छे से दे पाएंगी।

**रूटीन में करें बदलाव:** भागम-भाग के रूटीन में अपने लिए समय निकालना सबसे अच्छा उपहार है। पति-बच्चों की व्यस्तता के बीच आप खुद बाहर निकलना सीखें। नई जगहों को देखें। घर पर रहकर भी अपनी पसंद की कोई फिल्म देखने, पुस्तक पढ़ने या सुकून से चाय-कॉफी पीने का समय निकालें। आस-पास के पार्क में सैर करने निकल जाएं। अपनी पसंद की कोई डिश बनाएं या संगीत सुनें। नीरस दिनचर्या को बदलने वाले ऐसे कदम मन को खुशी देते हैं। अपनों को खुशियां बांटने वाली महिलाएं, अपने आप के प्रति एक सख्ती बरतने लगती हैं। अपने इमोशंस की अनदेखी करती हैं। थकने पर भी आराम नहीं करतीं। अपनी पसंद की ड्रेस नहीं पहनतीं। यह सही नहीं है। अपने बर्ताव में बदलाव लाने की ठान लीजिए। बंधे-बंधाए रूटीन को बदलकर खुद को शारीरिक-भावनात्मक देखभाल का प्यारा-सा तोहफा दीजिए। आपको अपनी जिंदगी बहुत खूबसूरत लगेगी।

**स्वार्थ नहीं है सेल्फ केयर:** महिलाएं अपनों के लिए सदा सांता की भूमिका में ही रहती हैं। कहने से पहले बच्चों का मन समझ लेती हैं। बोलने से पहले बड़ों की भावनाएं जान लेती हैं। इस भाव-चाव को समझने के चलते कभी सीक्रेटली तो कभी बच्चों-बड़ों की राय जानकर उनकी खुशी के लिए कुछ ना कुछ करती रहती हैं। जाने क्यों और कैसे, खुद की देखभाल महिलाओं को स्वार्थी हो जाने की फीलिंग देती है। जबकि सच तो यह है कि खुद को दिए सेल्फ केयर के सीक्रेट गिफ्ट्स, आपको अपनों से भी गहराई से जोड़ते हैं। तो अब संभाल-देखभाल से लेकर स्नेह लुटाने के भाव तक, आप अपने मन से कहिए 'मैं हूं अपनी सांता क्लॉज!'

---

सेलिब्रेशन

बुशरा फातमा

कल क्रिसमस है। इसकी तैयारी में आप जुटी होंगी। वैसे तो क्रिसमस पार्टी के लिए डेकोरेशन आप हर साल करती हैं। लेकिन इस बार हम आपको डेकोरेशन के ऐसे आइडियाज बता रहे हैं, जो डिफरेंट ही नहीं ईकोफ्रेंडली भी हैं।

# ईको फ्रेंडली हो क्रिसमस डेकोरेशन

आमतौर पर त्योहारों के सेलिब्रेशन और उससे जुड़ी सजावट के लिए काफी कुछ खरीदते हैं और अच्छा-खासा खर्च भी करते हैं। लेकिन इस दौरान पर्यावरण संरक्षण की तरफ हमारा ध्यान ही नहीं जाता और बिना सोचे-समझे कई ऐसे सामान खरीद लेते हैं, जो हमारे वातावरण के लिए भी अच्छे नहीं होते हैं। ऐसे में हम सबकी यह नैतिक जिम्मेदारी बन जाती है कि त्योहारों के उत्साह में भी हम पर्यावरण का ध्यान रखें। इसकी शुरुआत आज ही से कर सकती हैं। क्रिसमस सेलिब्रेशन के लिए क्यों ना, इस बार अपने घर को ईकोफ्रेंडली डेकोरेटिव आइटम्स से सजाएं। ऐसे सामानों का चुनाव करें, जो वातावरण के लिए हार्मफुल ना हो।

**सजाएं रियल क्रिसमस ट्री:** क्रिसमस के मौके पर अधिकतर लोग हमेशा बाजार में मिलने वाले प्लास्टिक से बने क्रिसमस ट्री का इस्तेमाल डेकोरेशन के लिए करते हैं। लेकिन क्रिसमस के बाद इसका कोई इस्तेमाल नहीं होता। इस बार नर्सरी से रियल क्रिसमस ट्री आप घर लाकर सजा सकती हैं। क्रिसमस के बाद आप इसे अपने गार्डन का हिस्सा बना सकती हैं। इस क्रिसमस ट्री को आप कई साल डेकोरेशन में यूज कर सकती हैं।



**अपसाइकिल्ड मैटेरियल का सेलेक्शन:** क्रिसमस में डेकोरेशन के लिए कई तरह की लाइट्स का खूब इस्तेमाल होता है। आप भी ऐसी लाइट्स खरीदती होंगी। इस बार मार्केट से लाइट लाने की बजाय घर में पड़े ग्लास जार को अपनी क्रिएटिविटी की मदद से आकर्षक लालटेन या कैंडल होल्डर का रूप दे सकती हैं। प्लास्टिक बॉटल्स को फूलों को रखने वाला वास बनाकर डेकोरेट कर सकती हैं। पुराने वूडेन पीसेस से वाल हैंगिंग बनवा सकती हैं।



**बनाएं नेचुरल कैंडल्स:** इस बार क्रिसमस में बाजार से महंगे कैंडल्स खरीदने के बजाय घर पर खुद ही कैंडल्स बनाएं। इसमें अपनी पसंद की सुगंध मिलाएं, जो नेचुरल हो। दालचीनी, लॉन्ग, एसेंशियल ऑयल, ऑरेंज के छिलके आदि से खुशबूदार कैंडल्स बनाए जा सकते हैं।

**फैब्रिक बैनर लगेंगे प्यारे:** घर सजाने के लिए बैलूंस की जगह इस बार फैब्रिक बैनर यूज कर सकती हैं। घर में रखी हुई फैब्रिक के छोटे कपड़ों से बना बैनर घर की खूबसूरती में चार चांद लगा देगा। अपनी क्रिएटिविटी का यूज कर बैनर को एक डेकोरेटिव पीस में बदल सकती हैं।

**यूज करें ऑर्गेनिक कॉटन:** क्रिसमस पर अगर नए कालीन या पर्दे खरीदने वाली हैं तो कोशिश करें वो ऑर्गेनिक कॉटन के बने हों। सिंथेटिक कॉटन से बनी चीजें वातावरण और हमारी सेहत के लिए भी नुकसानदेह होती हैं। ऑर्गेनिक कॉटन थोड़ा महंगा होता है, लेकिन ये लंबे समय समय तक आपके घर की शोभा बढ़ाते हैं।

**रिसायकल्ड गिफ्ट रैप:** बाजार में मिलने वाले प्लास्टिक गिफ्ट रैप की बजाय इस बार क्रिसमस पर गिफ्ट रैप करने के लिए नेचुरल फैब्रिक के टुकड़े का इस्तेमाल कर सकती हैं। चाहें तो इस फैब्रिक के पीस पर अपनी क्रिएटिविटी से पेंटिंग या एंब्रॉयडरी से डिजाइन बना सकती हैं। इससे आपके गिफ्ट का पैकिंग पैपर पॉल्यूशनफ्री होने के साथ अट्रैक्टिव भी लगेगी।



---

परवरिश

सरस्वती रमेश

यीशु का दया, करुणा और प्रेम का संदेश जीवन के लिए बहुत मूल्यवान है, लेकिन आधुनिक जीवनशैली में बच्चे इनसे दूर होते जा रहे हैं। अगर हम कुछ बातों का ध्यान रखें तो बच्चों में दया, करुणा के भाव जगा सकते हैं।

# बच्चों में जगाएं करुणा-भाव





वैसे तो हर त्योहार का संबंध बच्चों की खुशी और उन्हें अपनी परंपरा-संस्कृति से अवगत कराने से होता है, लेकिन क्रिसमस का बच्चों के लिए खास महत्व है। इसकी वजह है, क्रिसमस का त्योहार प्रेम, दया-करुणा, सहिष्णुता, सहयोग और अपनेपन की भावना का संदेश देता है। देखा जाए तो ये भावनाएं आजकल के बच्चों में लगातार कम हो रही हैं। कुछ इस नए दौर की जीवनशैली और कुछ आधुनिक तकनीक ने बच्चों को मानवीय संवेदनाओं से दूर कर दिया है। प्रभु यीशु ने गरीबों, असहायों और जरूरतमंदों के लिए जो करुणा भाव दिखाए हैं, वैसी करुणा बच्चों में कैसे भरी जाए, आइए जानते हैं।

**बच्चों के सामने ना हों उग्र:** हम सभी जानते हैं कि बच्चे अपने माता-पिता का अनुकरण करते हैं। पैरेंट्स का लोगों के प्रति जैसा बर्ताव होगा, बच्चे भी वही सीखेंगे। आपके उग्र बर्ताव का, बच्चे पर गलत प्रभाव पड़ता है। बच्चा भी छोटी-मोटी घटनाओं पर उग्र होकर प्रतिक्रिया देना सीखता है। इसलिए अपना व्यवहार हमेशा संयमित रखें। दूसरों की मदद करें। राह चलते हुए भी यदि कभी किसी व्यक्ति को आपकी जरूरत है, तो फौरन मदद करें। आपके इस तरह मदद करने से बच्चा अपने आस-पास के लोगों को जरूरत पड़ने पर उचित मदद करना सीखेगा। उसके भीतर भी करुणा भाव जागेंगे।

**पड़ोसियों और जरूरतमंदों की करें मदद:** क्रिसमस जैसे त्योहार हमें थोड़ा सामाजिक होने का मौका देते हैं। आस-पास गिफ्ट, केक और मिठाइयों के आदान-प्रदान से एक-दूसरे से मुलाकात और बातचीत हो जाती है। अच्छा हो पूरे वर्ष पड़ोसियों से मिलते-जुलते रहें, अपने मधुर संबंध बनाकर रखें। जरूरत के समय उनकी मदद करें। ऐसा देखकर बच्चे के भीतर अपने पड़ोसी के प्रति अपनापन पैदा होगा। बच्चों को प्रेरित करें कि वो अपनी पुरानी किताबें, खिलौने और साइकिल आदि घरेलू सहायकों के बच्चों या पड़ोस में रहने वाले गरीब बच्चों को दान करें। इससे उनमें मदद की भावना जाग्रत होगी।

**बीमारों की करें निस्वार्थ सेवा:** आज बच्चे और युवा पीढ़ी इतनी व्यस्त रहती है कि परिवार के साथ गुजारने के लिए उनके पास वक्त ही नहीं होता है। ऐसे में घर के बड़े-बुजुर्ग खाली उदास बैठे रहते हैं। कहीं अगर वे बीमार हैं, तब तो उनका जीवन और भी मुश्किल हो जाता है। इसलिए यह जरूरी है कि घर के बच्चे और युवा सदस्य बुजुर्गों की देखभाल के लिए भी वक्त निकालें। अपने बच्चों को उनके छोटे-मोटे काम करने के लिए प्रेरित करें। इससे बच्चों में बुजुर्गों के प्रति सेवा-भाव जन्म लेगी, साथ ही घर के बुजुर्ग अपने आपको उपेक्षित नहीं महसूस करेंगे।

---

मेकअप


ललिता गोयल

क्रिसमस पार्टी में सबसे अलग और अट्रैक्टिव दिखने के लिए आपको ड्रेसअप के साथ ही अपने मेकअप स्टाइल पर भी ध्यान देना होगा। इसके लिए आपको प्रॉपर मेकअप स्टेप्स को फॉलो करना होगा। इस बारे में डिटेल में जानिए।

# ऐसे मिलेगा क्रिसमस पार्टी परफेक्ट मेकअप लुक

क्रिसमस पार्टी के लिए मेकअप करते समय आपको कई बातों का ख्याल रखना जरूरी हैं। यहां बताए जा रहे मेकअप टिप्स को अपना कर आप पार्टी की शान बन सकती हैं। आइए जानते हैं पार्टी मेकअप करने का सही तरीका।

**फॉलो करें मेकअप स्टेप्स:** विंटर सीजन की वजह से इन दिनों स्किन में ड्राइनेस रहती है। ऐसे में आप मेकअप में निखार लाने के लिए सबसे पहले चेहरे पर सीरम लगाएं। सीरम लगाने के बाद चेहरे पर प्राइमर जरूर लगाएं और चेहरे के दाग-घब्बों को कवर करें। उसके बाद चेहरे पर सिलिकॉन लिक्विड फाउंडेशन का इस्तेमाल करें। इससे आपका मेकअप बिल्कुल भी नहीं फैलेगा और बहुत अच्छा लुक आएगा। आंखों के नीचे और चेहरे पर जहां भी स्किन डार्क है, वहां कंसीलर का इस्तेमाल करें। मेकअप करते वक्त रेड ब्लश और हाइलाइटर का इस्तेमाल जरूर करें। इसके इस्तेमाल से आपका चेहरा चमक उठेगा। इसके बाद आइब्रो पेंसिल से आइब्रो सेट करें। अपने क्रिसमस पार्टी लुक को पूरा करने के लिए आप आंखों में काजल जरूर लगाएं। क्रिसमस के दिन ज्यादातर लोग रेड और व्हाइट कलर का आउटफिट पहनते हैं। ऐसे में अपनी आंखों में गोल्डन ग्लिटर आई मेकअप कर सकती हैं। इसमें आपको खूबसूरत लुक मिलेगा। अपने लुक को पूरा करने के लिए रेड लिपस्टिक भी लगाएं। क्रिसमस पार्टी के लिए ज्वेलरी, ड्रेस के साथ मेकअप में भी रेड कलर का टच दें। अब आपको बताते हैं किस तरह के मेकअप लुक आप पार्टी में कैरी कर सकती हैं।



**गोल्डन ग्लैम लुक:** यह मेकअप लुक रेड और व्हाइट कलर के आउटफिट के साथ बेहद खूबसूरत नजर आता है। इस मेकअप को करने के लिए बेस की हैवी कोटिंग बिल्कुल भी ना करें और मैट फाउंडेशन का इस्तेमाल करें। साथ ही लिप्स के लिए आप पिंक टोन का कोई लाइट कलर ही चुनें। ताकि मेकअप अच्छी तरह हाइलाइट हो।

**मोनोक्रोमेटिक मेकअप लुक:** यह मेकअप लुक देखने में काफी लाउड नजर आता है। इसमें लिप्स और आई मेकअप के लिए एक जैसे या मिलते-जुलते कलर्स का इस्तेमाल किया जाता है। ऐसा मेकअप खासकर वेस्टर्न ड्रेस के साथ वाइब्रेंट लुक देने में मदद करता है।

**रेड बोल्ड मेकअप लुक:** ये लुक क्रिसमस पार्टी के लिए बेस्ट है। इसके लिए आपको बेस को नॉर्मल रखना है। लेकिन आई मेकअप और लिप्स को बोल्ड कलर में हाईलाइट करना है। आप रेड कलर के डिफरेंट ऑप्शंस को ट्राई कर सकती हैं।

**(ब्यूटी एक्सपर्ट पूजा गुप्ता से बातचीत पर आधारित)**

# कुशल नेतृत्व क्षमता और सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते है पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी : श्रीमती राजवाड़े

## 0 सुशासन दिवस पर 4729 अप्रारंभ पीएम आवास के शुभारंभ हेतु किया गया सामूहिक भूमि पूजन 0 रामनगर में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** भारत रत्न देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जयंती पर जिले के सभी विकासखंड में सुशासन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसके अंतर्गत अटल चौक में जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके साथ ही अटल जी की कविता का पाठ, विष्णु की पाती का वितरण व सुशासन के संकल्प के साथ-साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

सूरजपुर विकासखंड के रामनगर में जिला स्तरीय सुशासन दिवस को लेकर भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसकी शुरुआत रामनगर स्थित अटल चौक पर माल्यार्पण कर की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े व अन्य जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिकों द्वारा अटल जी के छायाचित्र को नमन करते हुए, माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में 4729 अप्रारंभ प्रधानमंत्री आवास को एक साथ शुभारंभ करने के लिए मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े व अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधि विधान से सामूहिक भूमिपूजन कराया गया। जिसे शीघ्र ही शुरू कर मूर्त रूप दिया जायेगा। इस अवसर पर जानकी स्वयं सहायता समूह, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा लोन के माध्यम से सौ सेंट्रिंग प्लेट उपलब्ध कराया गया है। जिसका उद्देश्य स्व सहायता








समूह की दीदियों को निर्माण के क्षेत्र में आगे लाना है। जिले में 27 हजार प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का लक्ष्य है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिये निर्माण संबंधित उत्पाद की बड़े पैमाने पर आवश्यकता है। इस आवश्यकता की पूर्ति जानकी स्वयं सहायता समूह के शटरिंग प्लेट करेंगें। इसके साथ ही समूह की दीदियां शटरिंग प्लेट को अन्य जगह जहां भी निर्माण कार्य चल रहा है वहां भी किराए पर दे सकती है। जो उन्हें आर्थिक रूप से संपन्न बनाने के लिए अपना योगदान देगी। शटरिंग प्लेट के नवाचार से शासन की योजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियान्वन करने के लिए न केवल बेहतर विकल्प उपलब्ध कराए जा रहे हैं बल्कि इससे महिलाओं को एक ऐसे सफल व्यवसाय से जोड़ा जा रहा है जो उन्हें लखपति दीदी की श्रेणी में शीघ्र स्थापित करेगा।महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को उनके कुशल नेतृत्व क्षमता और सुशासन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। वो कवि, सम्पादक,एक दूरदर्शी राजनीतिज्ञ होने के साथ साथ बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे।किसी एक व्यक्ति का उनके समान हर विधा में पारंगत होना आज सम्भव नहीं है। उन्होंने आगे कहा हमारा प्रदेश छत्तीसगढ़ उन्हीं की देन है, जो निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और जिस तरह छत्तीसगढ़ शासन सेवा भावना से जनता के हित को केन्द्र में रखकर निर्णय ले रही है, जिससे निश्चित ही हमारा प्रदेश समावेशी विकास करेगा।

पूर्व गृहमंत्री श्री रामसेवक पैकरा ने अपने उद्बोधन मे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए, उनके शासनकाल में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों जैसे पोखरण-2 का परीक्षण, कारगिल विजय दिवस, किसान क्रेडिट कार्ड की शुरुआत, और प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का जिक्र किया। प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मराबी ने कहा कि सुशासन दिवस के इस आयोजन का उद्देश्य पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाना और उनके द्वारा स्थापित कल्याणकारी योजनाओं और सुशासन के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाना है। जिसके लिये आप सभी की सहभागिता व सहयोग की अपेक्षा है ताकि हम प्रदेश को विकास की एक नई दिशा दे सकें। कलेक्टर एस.जयवर्धन ने भी उपस्थिति जनों को संबोधित करते हुए सुशासन के शाब्दिक अर्थ को परिभाषित किया। उन्होंने बताया कि सुशासन भागीदारी, आम सहमति, जवाबदेही, पारदर्शी, उत्तरदायी, प्रभावी एवं कुशल, न्यायसंगत और समावेशी होने के साथ-साथ 'कानून के शासन' का अनुसरण करता है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों को सुशासन का संकल्प , बाल विवाह रोकने हेतु शपथ व स्वच्छता को लेकर शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में बाबूलाल अग्रवाल, सत्य नारायण जायसवाल, राजेश महलवाला, कुलदीप बिहारी, कलेक्टर एस.जयवर्धन, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# नारी सशक्तिकरण की कार्यशाला में आत्मविश्वास बढ़ाने शांतिकुंज की बहनों द्वारा दिया जा रहा प्रशिक्षण

## गायत्री शक्तिपीठ में चल रहा तीन दिवसीय आयोजन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** यहाँ गायत्री शक्तिपीठ में तीन दिवसीय उपजोन स्तरीय नारी सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिसमें वक्ता के रूप में शांतिकुंज हरिद्वार की बहनों के द्वारा नारी सशक्तिकरण के लिए महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है।नारी कैसे सशक्त बने इस विषय पर विस्तार से बताते हुए कहा गया कि महिलाएं हर परिस्थिति में साहस का परिचय देकर आगे बढ़ सकती हैं जिसके अनेक उदाहरण है। कार्यशाला को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यशाला में प्रमुख वक्ताओं में हरिद्वार की कुंती साहू श्वेता दुबे,चमन गौतम,सरस्वती तिवारी शामिल है जो महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में उन्हें प्रशिक्षण दे रही हैं। वक्ताओं ने बताया कि परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के अनुसार 21वीं सदी में नारियों की सक्रिय व गौरवशाली भूमिका होगी ,इसी उद्देश्य से बहनों में आत्मविश्वास जगाने तथा नारी जागरण आंदोलन हेतु उन्हें प्रशिक्षित करके तराशने व उन्हें उनके योग्य कार्यों में नियोजित व संगठित करने हेतु यह कार्यशाला आयोजित है। कार्यशाला में शांतिकुंज की बहनों ने महिलाओं से कहा कि आप प्रशिक्षित होकर अपना आत्मविश्वास बढ़ायें और परम पूज्य गुरुदेव के उद्घोषणा 21वीं सदी नारी सदी, 21वीं सदी उज्जवल भविष्य को सार्थक व साकार करने के माध्यम बने। इस दौरान वीडियो ग्राफी के माध्यम से जहां नैतिक,बौद्धिक,भावनात्मक मूल्यो के स्तर बढ़ाने की दिशा में बताया गया तो वहीं बच्चे मानसिक,सामाजिक,आध्यात्मिक गुणो से स्वस्थ कैसे रहे इसके तरीके बताए गए। कार्यशाला में सुरजपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़, अंबिकापुर एवं



बलरामपुर जिले से करीब 300 महिलाएं लाभ ले रही हैं। कार्यशाला का समापन गुरुवार को होगा। उप जोन समन्वयक भोला प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि सन् 2026 में वंदनिया माताजी भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी मनाने की तैयारी में यह कार्यशाला पुरे विश्व में चलाया जा रहा है। जिसमें नारियों के अपने कर्तव्य निर्वहन, संस्कार एवं परिवार निर्माण सिखने का एक अच्छा अवसर है अधिक-से अधिक बहने प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त करें।

इस कार्यशाला में उप जोन सह समन्वयक शिव शंकर कुशवाहा, शिवशंकर साहू, पवन गर्ग, अवधेश गोयल, सुशील निगम, रामनारायण कुशवाहा श्रीमती अनु काण्डे, डा. स्वर्णा शर्मा, पूजा मिश्रा अंजलि खैरवार सरिता राजवाड़े शोभा तिवारी, लोचन गुप्ता शोमनाथ कुशवाहा, डा0 अभिषेक सिंह का सक्रिय योगदान है।

# सुशासन दिवस के रूप में मनी पूर्व पीएम की जयंती

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**दतिमा मोड़।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती बुधवार को धूमधाम से मनाई गई। इस शताब्दी वर्ष को ने सुशासन दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान ग्राम पंचायत बरौल में कार्यक्रम हुए, जिसमें भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया गया। मुख्यवक्ता के रूप मे देवनारायण राजवाड़े सचिव ने अटल जी को याद करते हुए भाजपा कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए उनकी उपलब्धियां का जिक्र किया। वाजपेई की सबसे बड़ी उपलब्धियां में उनके महत्वाकांक्षी सड़क परियोजना



स्वर्ण चतुर्भुज और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को सबसे ऊपर रखा जाता है। सर्व शिक्षा अभियान को अटल बिहारी की सरकार के दौरान लॉन्च किया किया गया था अटल जी की सरकार के दौरान भारत के कारगिल युद्ध जीत अटल बिहारी वाजपेई की सरकार के दौरान हुए कारगिल युद्ध में भारत ने विजय हासिल की और दुनिया को यह संदेश दिया कि भारत झुकने वाले में से नहीं है।ग्राम के सरपंच देवशरण सिंह उप सरपंच राम प्रताप प्रजापति, तुलेश्वर राजवाड़े, मानिक चंद राजवाड़े रामकुमार प्रजापति सन्त लाल प्रजापति समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता आयोजन में शामिल हुए।

# पेसा दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिपं सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू के मार्गदर्शन एवं उपसंचालक पंचायत की उपस्थिति में पेसा दिवस के अवसर पर जिला पंचायत सभा कक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ पंचायत उपबंध अनुसूचित क्षेत्र पर विस्तार नियम 2022 पर चर्चा किया गया, जिसमें ग्राम सभा की संरचना शक्तियां एवं कार्य ग्राम सभा का अध्यक्ष का निर्वाचन ग्राम सभा की गणपूर्ति एवं ग्राम सभा की स्थायी समिति पर विस्तृत जानकारी दी गई,



उपसंचालक पंचायत द्वारा अनुसूचित क्षेत्र में लागू होने वाले जन संसाधनों जल, जंगल, जमीन पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। कार्यशाला में उपस्थित जिला पंचायत के उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े, जिला सदस्य कुलदीप विहारी, अजय श्याम, श्रीमती उषा सिंह, श्रीमती सुहागवती राजवाड़े, श्रीमती अनिता चेरवा, श्रीमती गीता जायसवाल, श्रीमती मंजु मिंज, एंव जिले के आर्दश ग्राम पंचायत के सरपच, जिले के अधिकारी एंव कर्मचारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन संकाय सदस्य नीरोज सिंह के द्वारा किया गया।


## छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग
## दन्तेवाड़ा वनमण्डल, दन्तेवाड़ा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जगदलपुर वृत्त के अन्तर्गत दन्तेवाड़ा काष्ठागार में उपलब्ध नीचे ईमारती नये/पुराने काष्ठ का ई-ऑक्शन द्वारा निवर्तन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि, वे ई-ऑक्शन में भाग लेवें। ई-आक्शन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय/ वन काष्ठागार डिपो दन्तेवाडा से प्राप्त की जा सकती है।

1. नीलाम दिनांक – 01-01-2025
2. नीलाम स्थल का नाम – काष्ठागार दन्तेवाड़ा (आंवराभाठा)
3. डिपो का नाम जहां वनोपज रखी गई है – दन्तेवाड़ा आंवराभाठा दन्तेवाड़ा
4. नीलाम समय – 10:00 बजे पूर्वान्ह से

| प्रजाति | नयी काष्ठ | | | पुरानी काष्ठ | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | नग | घ.मी. | बल्ली/ डेंगरी | नग | घ.मी. | बल्ली/ डेंगरी |
| सागौन | 465 | 105.310 | 2 | 1066 | 84.335 | 116/125 |
| साल | 193 | 32.438 | 0 | 826 | 77.900 | 6/17 |
| बीजा | 190 | 33.986 | 0 | 261 | 28.201 | 2/2 |
| साजा | 7 | 1.222 | 0 | 17 | 1.520 | 29/2 |
| हल्दू | 0 | 0.000 | 0 | 2 | .464 | 4 |
| धावड़ा | 14 | 0.911 | 0 | 15 | 1.414 | 7 |
| तिन्सा | 0 | 0.000 | 0 | 1 | 0.106 | 0 |
| अन्य | 23 | 1.983 | 0 | 221 | 26.720 | 62/12 |
| योग :– | 892 | 175.850 | 2 | 2409 | 220.66 | 222/162 |

1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉग इन करके देख सकते है।
4. ई- ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात् प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

वनमण्डलाधिकारी
दन्तेवाड़ा वनमण्डल, दन्तेवाड़ा

जी-242504844/6


## इंडियन रेडक्रास सोसायटी की वार्षिक साधारण सभा 27 को

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन 27 दिसंबर को प्रात: 10:30 बजे से मंगल भवन में किया गया है। जिसके लिए 925 आजीवन सदस्यों की सूची जारी कर दी गई है। कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है।

वार्षिक साधारण सभा में प्रबंध समिति के 10 सदस्यों का चयन सर्वसम्मति से निर्वाचन के माध्यम से किया जाना है। निर्वाचन प्रक्रिया में संरक्षक, उपसंरक्षक, आजीवन सदस्य ही भाग ले सकते है, निर्वाचन में भाग लेने हेतु आजीवन सदस्यों को अपने साथ मूल रसीद की प्रति अथवा आधार कार्ड व अन्य परिचय पत्र लाना अनिवार्य है।

नामांकन फार्म का वितरण बैठक स्थल पर ही किया जायेगा। फार्म वितरण व जमा करने हेतु प्रात: 10.30 से 11.30 तक निर्धारित किया गया है। निर्धारित समय के बाद नामांकन फार्म वितरण व जमा नहीं किया जायेगा।

# सभी के लिए प्रेरणादायक है अटल जी का जीवन, उनकी सोच का परिणाम है छत्तीसगढ़ : लक्ष्मी

## बस स्टैंड में किया गया अटल परिसर भूमिपूजन का आयोजन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** बुधवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपाई के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर अटल परिसर भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े ने यहां जिला मुख्यालय के न्यू बस स्टैंड स्थल में अटल परिसर का भूमिपूजन किया। इस दौरान बाबूलाल अग्रवाल, नगरपालिका उपाध्यक्ष नगर पालिका रितेश गुप्ता, एस डी एम शिवानी जायसवाल, सीएमओ प्रभाकर शुक्ला, अजय अग्रवाल तथा बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिक उपस्थित थे।

सभा को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े ने कहा कि आज हम पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष एवं सुशासन दिवस मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भी अटल जी के व्यक्तित्व को याद किया जाता है। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है और उनकी सोच का परिणाम छत्तीसगढ़ है। उनके कदमों पर चलकर हम इस राज्य और देश का बेहतर विकास एवं कल्याण कर सकते है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधान






मंत्री श्री वाजपेई सरस और सरल स्वभाव के धनी थे। विद्यार्थी हो या युवा या राजनेता सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए जीवन में आगे बढ़ना चाहिए।

### अटल जी ने देश और लोगों के कल्याण हेतु किया सुशासन स्थापित-भूलन

विधायक प्रेमनगर भूलन सिंह मरावी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरे देश में पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के अवसर पर सुशासन दिवस मना रहे हैं। उन्होंने बताया कि अटल जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने देश और लोगों के कल्याण के लिए सुशासन स्थापित किया। उन्होंने आह्वान किया कि हम सब शासन और प्रशासन के साथ मिलकर सुशासन स्थापित करते हुए सूरजपुर के विकास में अपना योगदान दें।

### लोगों के कल्याण हेतु पारदर्शिता से कार्य कर रहा शासन एवं जिला प्रशासन-जयवर्धन

कलेक्टर एस जयवर्धन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपाई के जयंती पर सुशासन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निरंतर लोगों के हित में योजनाओं को क्रियान्वित कर लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लोगों के कल्याण के लिए शासन एवं जिला प्रशासन पारदर्शिता के साथ लोगों को आधारभूत सुविधाएं विकसित करने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा ने सभी को जिले एवं राज्य के विकास में अपना योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के इस अवसर पर मंत्री श्रीमती रजवाड़े स्वच्छग्रही दीदियों को सम्मानित करते हुए उपहार प्रदान किया। साथ ही एन यू एल एम के कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# पाल दनौली एवं सत्यनगर में वरिष्ठ नागरिक संघ ने कैम्प लगा कर किया गर्म वस्त्र वितरित

## नशे से दूर रहने एवं बालिका शिक्षा हेतु ग्रामीणों को किया जागरूक

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** वरिष्ठ नागरिक संघ द्वारा गत वर्षो के भांति इस वर्ष भी प्रत्येक विकास खण्ड के एक गांव मे ठण्ड से बचाव के लिये जरूरतमंदो को गरम कपडो का वितरण करने हेतु आयोजित कार्यक्रम के तहत तृतीय कैम्प ओडगी विकास खण्ड के ग्राम पाल दनौली एवं भैयाथान के ग्राम सत्यनगर जाबर पारा मे आयोजित कर गरम कपडे जिनमे कम्बल, साडी, साल, स्वेटर, मोजे एवं टोपे नि:शुल्क वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में ग्राम पाल दनौली के जरूरतमंद महिला, पुरूष एवं बच्चे बड़ी संख्या मे लाभान्वित हुए। कार्यक्रम पाल दनौली के सरपंच व भुवन भास्कर सिंह, शशांक सिंह, चन्द्रभान सिंह की उपस्थिति मे एवं ग्राम सत्यनगर के जाबर पारा मे ग्राम अधिना सलका के उमेश अग्रवाल, डॉ. अनिल शर्मा, कृष्णा गुप्ता, सुदामा गुप्ता की उपस्थिति मे सम्पन्न हुआ। उपस्थित ग्राम वासियो को संघ के अध्यक्ष अनिल




गोयल, संरक्षक हरिदास अग्रवाल, लालचन्द अग्रवाल ने संबोधित कर ग्राम वासियो को नशे से दूर रहने, लडकियो को स्कुल भेजने व बच्चो को अच्छे संस्कार देकर उन्हे आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित करनेके लिए प्रेरित किया। भोला प्रसाद अग्रवाल, उपाध्यक्ष आर.एस. मिश्रा, पवन कुमार मित्तल, प्रवक्ता एस. के. तिवारी, बांके बिहारी अग्रवाल, सहसचिव शिवनारायण राजवाडे, विजय सोनी, पुखराज जैन, रमेश कुमार रोहिल्ला, राजेन्द्र गुप्ता, मनोहर सोनी, राजेन्द्र अग्रवाल उपस्थित थे। सत्यनगर में डॉ. अनिल शर्मा अपनी टीम के साथ उपस्थित होकर नि:शुल्क जांच एवं नि:शुल्क दवा वितरण किये।

संपर्क करें
समाचार, ईश्तहार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें।
दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन
गौरव पथ, गुरुद्वारा के पास बाबूपारा अम्बिकापुर
मो. 9713108088
8719000259

सरगुजा फ्रंटलाइन

# मानवता कराह रही, विश्व के कई क्षेत्रों में हिंसा, घृणा, युद्ध और तानाशाही का बोलबाला: बिशप

## प्रभु येशु के जन्म के शुभ अवसर पर महा गिरजाघर में हुई विशेष प्रार्थना सभा

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** प्रभु येशु के जन्म क्रिसमस के शुभ अवसर पर शहर के नवापारा स्थित महा गिरजाघर में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई। रात्रि 10 बजे से समस्त धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हुए जो देर रात तक चले। रात्रि 12 बजे बालक येशु के जन्म के साथ ही चर्च के घंटे बज उठे और आतिशबाजी शुरू हो गई। चरनी आशीष के सांथ धार्मिक अनुष्ठान की शुरुवात हुई। सरगुजा धर्म प्रान्त के धर्माध्यक्ष बिशप डॉक्टर अंतोनीस बड़ा की अगुवाई में फादर जार्ज ग्रे कुजूर व फादर कल्याण के साथ समस्त धार्मिक अनुष्ठान मिस्सा पूजा संपन्न हुई।

इस अवसर पर समुदाय को संबोधित करते हुए अपने संदेश में बिशप डॉ. अंतोनिस बड़ा ने कहा कि पाप के फल से मनुष्य की मुक्ति प्रभु येशु के मानव अवतार का पहला मकसद था। येशु के आगमन को दो हजार वर्ष से ज्यादा समय बीत चुका है लेकिन आज भी दुनिया के कई देशों में परिस्थितियां ईश्वरीय सोंच के अनुकूल नहीं है। विश्व के कई क्षेत्रों में हिंसा, घृणा युद्ध और तानाशाही का बोलबाला है। रूस व यूक्रेन के लोग खुद को येशु के अनुनायी मानते हैं लेकिन उनके अंदर का स्वार्थ उन्हें ईश्वरीय छवि से दूर कर दिया है। दूसरी तरफ इजराइल, फिलिस्तीन के बीच युद्ध के कारण वहां मानवता कराह रही है। अब तक 45 हजार से ज्यादा लोग असमय काल के गाल में समा चुके हैं। येशु का शांति का संदेश इजराइल व फिलिस्तीन की जनता के साथ-साथ दुनिया के कई देशों में अर्थहीन हो चुका है। ये देश और समाज दुश्मनी व घृणा के अंधकार में डूब चुके हैं। सुसमाचार का वाचन फादर कल्याण ने किया। इस दौरान पारा टोला से आए समाज के लोगों ने बाइबिल के पवित्र पाठ का वाचन कर येशु का संदेश सुनाया। पहले पाठ का वाचन प्लासिडियूस टोप्पो इंदिरा नगर व राजकिरण खलखो ने दूसरे पाठ का वाचन किया। रात्रि प्रार्थना सभा के दौरान फादर अनुरंजन व फादर जॉन की अगुवाई में युवा संघ के युवक-युवतियों ने अनुष्ठान के बीच-बीच में भक्तिमय गीतों से ऐसा शमा बांधा कि लोग भक्ति गीतों में रम गए। कार्यक्रम के अंत में परम प्रसाद का वितरण व बालक येशु का चुंबन किया गया। कार्यक्रम में नगर के प्रथम महापौर, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, महापौर डॉ. अजय तिर्की, विनोद कुजूर रजिस्ट्रार जनरल हाईकोर्ट बिलासपुर, भानु प्रताप डीन बिलासपुर, अजय अरुण मिंज, जगजीत, रविन्द्र तिग्गा, बीरेंद्र टोप्पो, राजेन्द्र तिग्गा, सुमन एक्का, भानु, राजेश टोप्पो, फा. विलियम उर्रे, फा. अविरा, फा. ज्ञान लकड़ा, फा. थेओदार लकड़ा, फा. विमल, फा. सुशील, फा. पीटर, सिस्टर क्लारा, उर्सुलाइन, संत अन्ना, मिशनरीज ऑफ चैरिटी सिस्टर्स व बड़ी संख्या में मसीही समाज के लोग मौजूद थे।







# भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी अजातशत्रु थे: ललन प्रताप सिंह

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की सौवीं जन्म जयंती के अवसर पर भाजपा अंबिकापुर उत्तरी तथा अंबिकापुर दक्षिणी मंडल द्वारा सुशासन यात्रा तथा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर तथा पूर्व सांसद कमलभान सिंह के आतिथ्य में आयोजित सुशासन यात्रा स्थानीय नगर पालिका स्कूल से प्रारंभ होकर महामाया चौक, संगम चौक, देवीगंज रोड, घड़ी चौक होते हुए संकल्प भवन भाजपा कार्यालय पहुंची, जहां श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में संगोष्ठी व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने अटल जी को याद करते हुए अपने श्रद्धांजलि उद्बोधन में कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई अजातशत्रु थे, विपक्षी पार्टियों के लोग भी न केवल उनका सम्मान करते थे बल्कि उनके भाषणों को सुनने के लिए लालायित रहते थे। अटल जी ने पूरे विश्व में भारत का मान बढ़ाया, परमाणु विस्फोट करके उन्होंने भारत की ताकत का लोहा मनवाया। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर ने अटल जी को महान व्यक्तित्व बताते हुए कहा कि उनके प्रधानमंत्री रहते भारत देश ने विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया। उनकी सरकार ने अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं से आम आदमी का जीवन सुखमय व आसान बनाया। पूर्व सांसद कमल भान सिंह ने अटल जी की लिखी कविताओं का जिक्र करते हुए उनसे सभी कार्यकर्ताओं को प्रेरणा लेने की बात कही। भाजपा के वरिष्ठ नेता त्रिलोक कपूर कुशवाहा ने कहा कि अटल जी ने अपनी सरकार के दौरान देश हित में कड़े निर्णय लिए। भाजपा जिला उपाध्यक्ष अंबिकेश केशरी ने कहा कि अटल जी ने मूल्यों पर आधारित राजनीति करके राजनीति में एक नई मिसाल कायम की। भाजपा जिला उपाध्यक्ष, कवि विनोद हर्ष ने अपनी कविता सूरज वूरज होते होंगे, अटल बिहारी अस्त नहीं होते, सुनाकर अटल जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला संवाद प्रमुख कवि संतोष सरल ने भी अपनी रचना 'मैं अलबेला अटल हूं, मां भारती का प्यारा मुस्कुराता कमल हूं' सुनाकर अटल जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। संगोष्ठी को पूर्व अंबिकापुर मंडल अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला, मंजूषा भगत तथा अंकित जायसवाल ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अंबिकापुर उत्तरी मंडल अध्यक्ष मनोज कंसारी ने तथा आभार प्रदर्शन अंबिकापुर दक्षिणी मंडल अध्यक्ष कमलेश तिवारी ने किया। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेत्री किरण मिश्रा, फुलेश्वरी सिंह, जन्मेजय मिश्रा, निश्चल प्रताप सिंह, शकुंतला पांडेय, हरमिंदर सिंह टिन्नी, विकास वर्मा, अवधेश सोनकर, नकुल सोनकर, सोमनाथ सिंह, शैलेश सिंह, मनीष सिंह, सिकंदर जायसवाल, संजय अग्रवाल, संतोष बिहाड़े, जितेंद्र सोनी, विक्रम सिंह बाबरा, अभय साहू, अनिल जायसवाल, मधु चौदहा, निरंजन राय, श्वेता गुप्ता, संजय सोनी, रश्मि जायसवाल, नीलम रजवाड़े, प्रियंका सिंह, अंशुल, तारा पांडेय, रविन्द्र तिवारी, प्रियंका चौबे, गौतम विश्वकर्मा, राजू पांडेय, शरद, देव वर्मा, गणेश सिंह, मनीष सिंह, मनोज सोनी, महेश जायसवाल, अभय शर्मा, मार्कण्डेय तिवारी, आशुमल, निशांत गुप्ता, किशोर बघेल, सौरभ मिश्रा, शानू कश्यप, दिव्यांशु केसरी, सुनील बघेल, संजय त्रिपाठी सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## चिकित्सक से मारपीट, शिक्षिका के विरूद्ध केस दर्ज

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** शहर के एक निजी अस्पताल में सेवारत रावत रेसीडेंसी निवासी दंत चिकित्सक साक्षी यादव ने कॉलोनी में ही रहने वाली शिक्षिका के विरूद्ध गाली-गलौज व बच्चे के सायकल से स्कूटी में प्रहार करके क्षतिग्रस्त करने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराया है।

दंत चिकित्सक ने पुलिस को बताया है कि शिक्षिका आराधना दुबे भी रावत रेसीडेंसी में रहती है। 22 दिसम्बर को सुबह करीब 10.30 बजे वे स्कूटी से अस्पताल जाने के लिये निकल रही थीं, उसी समय आराधना दुबे अपने घर के अंदर से अपने आप को बहुत स्मार्ट समझती हो, रोड पर स्कूटी क्यों लगाती हो कहते हुए अपने घर से बाहर आ गई और सार्वजनिक स्थान पर आकर गाली-गलौज करने लगी। इससे भी शिक्षिका का मन नहीं भरा तो बच्चे के सायकल को उठाकर स्कूटी पर 5-6 बार प्रहार की, जिससे स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई। चिकित्सक ने जान से मारने की धमकी देकर मुक्का से मारपीट करने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने शिक्षिका के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है।

# मदन मोहन मालवीय का जीवन दर्शन सामाजिक समरसता के लिए धरोहर

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** भारतरत्न पं. मदनमोहन मालवीय की जयंती समारोह का आयोजन मालवीय मिशन सरगुजा के तत्वावधान में मालवीय पार्क घड़ी चौक में किया गया। इस मौके पर नगर के प्रबुद्ध एवं विद्वतजन तथा संस्था के सदस्य मालवीयजी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किए, विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ।

मालवीय मिशन के अध्यक्ष डॉ. डीएन द्विवेदी ने कहा कि मालवीय का जीवन दर्शन आज भी प्रासंगिक हैं। इनके आदर्श विचारों के अनुश्रवण से व्यक्ति की दिनचर्या बदल जाएगी। सूर्योदय से सूर्यास्त तक क्या करना है, उनके दिनचर्या में पूर्व निर्धारित रहता था। स्वतंत्रता संग्राम से लेकर वकालत तक का कार्य उन्होंने किया परन्तु स्वहित के उद्देश्य से अपने लिए कुछ भी नहीं किया। समाज सेवा, राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित होकर वे कार्य किए। पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य हरिशंकर त्रिपाठी ने कहा कि उनका जीवन दर्शन सामाजिक समरसता के लिए धरोहर है। समाज के वंचित और जरूरतमंद समुदाय को हमेशा ऊपर उठाने की बातें वे करते थे। छुआछूत को मिटाने के लिए उन्होंने अथक प्रयास किया। डॉ. एसएन पांडेय ने कहा कि मालवीय ने पारम्परिक और आधुनिक पद्धति दोनों को अपनाने की बातें की। राष्ट्र के संपूर्ण विकास के लिए लिए दोनों आवश्यक है। शिक्षा महत्ता के प्रति दूर दृष्टि रखते हुए ब्रिटिश शासन काल में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना की, जो पूरे विश्व की जानी-मानी शिक्षा संस्थान है। डॉ. एसके श्रीवास्तव ने कहा कि मालवीय जी के विचारों में आध्यात्म और विज्ञान का संगम देखने को मिलता है। उन्होंने भारतवासियों से सप्ताह में एक घंटे का समय गीता पाठ के लिए मांगा था, जिसके अनुपालनार्थ अंबिकापुर में यह गतिविधि चल रही है। पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिशंकर सिंह ने कहा कि मालवीय का विचार प्रगतिशील प्रवाहक की भांति अविरलता पूर्ण था। वो राष्ट्र की समस्या का समाधान गीता ग्रंथ से ढूढ़ निकालते थे। कार्यक्रम में आरएन अवस्थी, मदनमोहन मेहता, राज कुमार गुप्ता, रणविजय सिंह तोमर, प्रकाश कश्यप, जय प्रकाश चौबे, सचिदानंद पांडेय, अशोक सोनकर ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन राज नारायण द्विवेदी ने व आभार व्यक्त प्रकाश कश्यप ने किया।



### इसे लेकर जताई चिंता

मदनमोहन मालवीय की प्रतिमा नगर निगम परिक्षेत्र में स्थापित है, और भी महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित हैं जहां लोग माल्यार्पण करने के लिए लाइन लगाकर खड़े रहते हैं, फोटो खिंचवाते तथा विविध कार्यक्रम करते हैं परंतु मालवीय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के लिए लोग आगे नहीं आते हैं। पूरे विश्व में महामना की उपाधि सिर्फ मालवीय जी को मिली है। भारतरत्न की उपाधि भी मिल चुकी है। राजनीति से ऊपर उठकर लोगों को आगे आना चाहिए। भूतपूर्व उप मुख्यमंत्री द्वारा मालवीय भवन के लिए राशि भी आवंटित किया गया है, परन्तु आज तक पहल नहीं हुआ।

## घर में गिरकर जख्मी हुए वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**अंबिकापुर।** बकरी को बांधकर आ रहा वृद्ध घर में ही गिरकर जख्मी हो गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।


जानकारी के मुताबिक लुण्ड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम बगदरी निवासी रामफटक यादव 75 वर्ष, 12 दिसम्बर की शाम को लगभग 4 बजे बकरी को रस्सी से बांधकर घर वापस लौट रहा था, इसी दौरान वह गिरकर चोटिल हो गया था। दो दिन के अंतराल में तबियत बिगड़ने पर स्वजन उसे होलीक्रॉस अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे। यहां से प्राथमिक चिकित्सा के बाद उसे रायपुर ले जाने की सलाह दी गई थी। रायपुर के नारायणा अस्पताल में स्वजन वृद्ध का इलाज करा रहे थे। इस बीच 21 दिसम्बर को रुपये खत्म होने पर आधा-अधूरा इलाज कराने के बाद वे घर वापस आ गए। 24 दिसम्बर को पुनः तबियत बिगड़ने पर वृद्ध को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर पहुंचे, यहां देर रात 3 बजे उसकी मौत हो गई।

## मशाल में आग लगाकर दुकान के अंदर फेंका, लाखों का सामान जलकर खाक

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** अग्रसेन वार्ड में स्थित मां सर्वेश्वरी जनरल स्टोर में ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाने का मामला प्रकाश में आया है। आगजनी में दुकान संचालक को लगभग 3 लाख रुपये की क्षति पहुंची है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। दुकान संचालक के द्वारा कुछ लोगों पर पुरानी रंजिश को लेकर दुकान में आग लगाने का संदेह व्यक्त किया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक अग्रसेन वार्ड में क्षत्रिय समाज के भवन के बगल में प्रकाशचंद्र पांडेय जनरल स्टोर का संचालन करते हैं। बुधवार को सुबह लगभग 5 बजे टहलने के लिए निकले लोगों ने दुकान से धुआं निकलते देखा और दुकान संचालक के घर पहुंच कर इसकी जानकारी दी। दुकान संचालक अपने परिवार के सदस्यों के साथ दुकान पहुंचे और शटर को आननफानन में उठाया तो आग की चपेट में कांच का पार्टीशन और कास्मेटिक सामान आ गया था। दुकान संचालक ने बताया कि आग लगाने वाले ने दुकान के छज्जा के ऊपर चढ़कर मशाल बनाया और डीजल से आग लगाया है, जिससे भभकी आग के कारण दुकान का काफी सामान जलकर खाक हो गया। आगजनी की सूचना मिलने पर घटनास्थल होमगार्ड का फायर दस्ता पहुंचा और आग पर काबू पाया। हालांकि आग के चपेट में आने से काफी सामान जलकर खाक हो गया है। घटना की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी गई है, जिस पर मामले की जांच, विवेचना में पुलिस जुट गई है।



# आंधी-तूफान में उड़ गया कांक्रीट का सीट, स्कूल जर्जर भवन में हो रहा संचालित

## भाजपा मंडल अध्यक्ष व जनपद सदस्य ने एसडीएम का ध्यानाकर्षण कराया

छ.ग.फ्रंटलाइन

**भैयाथान।** भाजपा मंडल अध्यक्ष व जनपद सदस्य सुनील साहू ने बड़सरा हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में संचालित माध्यमिक शाला स्कूल के भवन को स्थाई करने हेतु एसडीएम सागर सिंह को पत्र लिखा है, ताकि स्कूल भवन का मरम्मत किया जा सके।

गौरतलब है कि माध्यमिक शाला स्कूल बड़सरा चौक में संचालित था, लेकिन अप्रैल 2022 में आए तेज आंधी, तूफान से क्रांकीट का सीट उड़ गया, जिसके कारण भवन अनुपयोगी हो गया और संस्था भवन विहीन हो गया है। ग्राम पंचायत द्वारा जून 2022 में हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में खाली पड़े जन भागीदारी स्कूल भवन में माध्यमिक शाला संचालित करने का प्रस्ताव पारित किया। तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी ने भी अस्थाई तौर पर यहां अध्यापन हेतु आदेश दिया था। भवन जर्जर होने के कारण मरम्मत राशि भी शासन द्वारा स्वीकृत किया गया, लेकिन भवन अस्थाई रूप से होने कारण स्वीकृत राशि भी वापस हो गई, जबकि संचालित भवन का मरम्मत किया जाना अति आवश्यक है। इस हेतु मंडल अध्यक्ष व क्षेत्र के जनपद सदस्य ने एसडीएम को पत्र लिखकर माध्यमिक शाला के जन भागीदारी भवन को स्कूल के नाम स्थायी करने का आग्रह किया है।



*स्कूल प्रबंधन ने भी एसडीएम को लिखा है पत्र*

माध्यमिक शाला स्कूल प्रबंधन ने भी एसडीएम सागर सिंह को पत्र लिखकर हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में संचालित मिडिल स्कूल भवन के खिड़की, छत का प्लास्टर गिरने की स्थिति को बताते हुए मरम्मत किया जाना आवश्यक बताया है। माध्यमिक शाला भवन को स्थाई किए जाने का निवेदन किया गया है ताकि सुगमता से स्कूल का संचालन हो सके।

*स्कूल भवन के स्थायित्व की कार्रवाई के लिए प्रकरण को तत्काल डीईओ कार्यालय भेजा जाएगा।*
*-सागर सिंह, एसडीएम*

# देश-विदेश में सरगुजा की पहचान बना चुकी है भित्ति चित्रकला: अजय चतुर्वेदी

## राज्य स्तरीय शोध संगोष्ठी में सरगुजा अंचल के भित्ति चित्र कला की प्रस्तुति

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग द्वारा महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय रायपुर के सभागार में 21 से 23 दिसंबर तक 'प्राचीन छत्तीसगढ़ में कला और वास्तु कला' विषय पर राज्य स्तरीय शोध संगोष्ठी का आयोजन डॉ. भुवन विक्रम क्षेत्रीय निदेशक भोपाल भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की विशिष्ट अतिथि एवं संचालक पुरातत्व पर्यटन संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर सूरजपुर जिले में जिला पुरातत्व के सदस्य राज्यपाल पुरस्कृत व्याख्याता अजय कुमार चतुर्वेदी ने 'सरगुजा अंचल के शैलचित्र एव भित्ति चित्र कला' के संबंध में विस्तार से व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि सरगुजा अंचल में अनेक प्राचीन शैल चित्रों और भित्ति चित्र देखने को मिलते हैं। कुछ शैल चित्रों और भित्ति चित्र शासन की नजर में हैं। किन्तु कुछ आज भी अज्ञात स्थिति में संरक्षण की बाट जोह रहे हैं। रामगढ़ के जोगीमाड़ा गुफा के मौर्य कालीन भित्तिचित्र ऐतिहासिक काल की भारतीय चित्रकला के प्राचीनतम उदाहरण हैं। अजय चतुर्वेदी ने अपने शोध पत्र में सरगुजा अंचल के भित्तिचित्रों, शैलचित्रों, शिला लेख एवं दीवालों पर बनाए गए रजवार भित्ति चित्र कला पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसमें सरगुजा जिला के जोगी माड़ा गुफा, ढ़ोढागांव सीतापुर के भित्तिचित्र, सूरजपुर जिला के जोगी माड़ा गुफा, सीतालेखनी पहाड़, कुदरगढ़, कठौता पहाड, नवाधक्की के भित्ति चित्र, बलरामपुर जिला अंतर्गत बच्छराज कुंवर के भित्ति चित्र और दीवालों पर बनाए गए रजवार भित्तिचित्र के बारे में विस्तार से अवगत कराया। भित्ति चित्र की कुशल कला शिल्पी, शिल्प गुरू श्रीमती सोनाबाई की भित्ति चित्रकला देश-विदेश में सरगुजा की पहचान बना चुकी है। दीवालों पर बनाए गए भित्ति चित्र काफी आकर्षक लगते हैं। यह कला रजवार जाति की पारंपतिक भित्ति चित्र कला है। राज्य स्तरीय शोध संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ व विभिन्न राज्यों से आए 64 शोध सारांश आए, जिसमें से संगोष्ठी के मूल विषय और उपविषयों पर केंद्रित 44 आलेखों का वाचन किया गया।



## अज्ञात वाहन की ठोकर से घायल की मौत

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** अज्ञात वाहन की ठोकर से घायल दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम कतकालो निवासी रामकेश्वर की मौत हो गई। मृतक 24 दिसम्बर को ग्राम खाला से पैदल घर लौट रहा था। खाला के मुख्य चैक में अज्ञात चार पहिया वाहन का चालक उसे ठोकर मार दिया, जिसमें उसे सिर में गंभीर चोट आई थी। डॉयल 112 से पुलिस उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में लाकर भर्ती कराई थी, इलाज के दौरान वह दम तोड़ दिया। अस्पताल से मिली सूचना पर पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# अटल परिसर का वर्चुअल भूमिपूजन, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का शुभारंभ

**छ.ग.फ्रंटलाइन लखनपुर।** नगर पंचायत लखनपुर में बुधवार को अटल परिसर का वर्चुअल भूमिपुजन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने वर्चुअल माध्यम से किया। नगर पंचायत लखनपुर के वार्ड क्रमांक 09 में भरतपुर मोड़ पर अटल परिसर 20 लाख रुपये की लागत से बनाया जा रहा है। शासन के आदेशानुसार कार्यक्रम वार्ड क्रमांक 09 स्थित भरतपुर मोड के पास ही कराया गया। अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने सर्वप्रथम भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया, तत्पश्चात 20 लाख की लागत से बनने वाले अटल परिसर का भूमिपुजन किया गया। अध्यक्ष सावित्री दिनेश साहू ने विधायक का पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मान किया। इस दौरान लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्थित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि राहुल अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश साहू, रवि अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी, नवं उपाध्यक्ष राम नारायण दुबे, पार्षद बृजकिशोर पांडेय, आशा जायसवाल, दिनेश गुप्ता, नीलू गुप्ता, सत्यनारायण साहु, सचिन बसंल, राजेंद्र गुप्ता, सुरेंद्र साहू, प्रदीप गुप्ता, सुदामा सिंह, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विद्यासागर चौधरी, उप अभियंता प्रदीप कुमार एक्का, सहायक ग्रेड 03 नारायण मिश्रा, सहायक राजस्व निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह, सफाई दरोगा चन्द्रशेखर चौधरी, प्लबंर रमेश ठाकुर, विनेश राम खलखो, रामहरि शर्मा, देवविष्णु साहु के अलावा सभी सफाई कामगार एवं स्वच्छता दीदियां एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 ( छत्तीसगढ़ ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर